खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38° C
न्यूनतम : 23° C

हल्द्वानी, मंगलवार 26 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 269 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश पेज 2



फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट खेल टाइम्स



भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना: प्रगति का नया अध्याय सम्पादकीय



ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा: ट्रम्प पेज 12

# NEET: सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

**पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, एनटीए, CBI व पूर्व इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस जारी कर तलब किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने -शेष पृष्ठ दो पर



## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वीएम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा कि इसे इतना भावुकता से न लें।

**सीजेआई बोले- मुद्दे को भावनात्मक तरीके से न लें**



# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार



- **हेमा मालिनी ने रिसीव किया**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस/सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवॉर्ड रिसीव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हा हत्याकांड का आरोपी एक लाख का इनामी रवि यादव मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चर्चित दूल्हा हत्याकांड में शामिल एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव रविवार की रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सोमवार को बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र में एक मई की शाम बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी।

### ट्विशा शर्मा मौत के मामले में मीडिया संयम बरते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में कथित संस्थागत पक्षपात और प्रक्रियागत त्रुटियों से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले पर सुनवाई की।

### अन्नाद्रमुक के तीन बागी विधायकों का इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने के खतरे का सामना कर रहे अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के तीन बागी विधायकों ने सोमवार को सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) में शामिल हो गए।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर लगी आग

## पेट्रोल में ₹2.61 व डीजल में ₹2.71 की बढ़ोतरी

- **पेट्रोल 102.12 व डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, 10 दिन में चौथी बार बढ़े दाम**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं और दिल्ली में चार साल बाद पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार से गैर-ब्रांडेड यानी सामान्य पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। अब इसकी कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सामान्य डीजल भी अब 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इसकी कीमत में 2.71 रुपये का इजाफा किया गया है। दोनों जीवाश्म ईंधनों का यह 21 मई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इस साल 15 मई से अब तक चार बार में दिल्ली में पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इनके दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद गत 15 मई को पहली बार बढ़ाए गए थे। दिल्ली में इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत भी 2.61 रुपये बढ़कर 109.24 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सपी की कीमत 2.71 रुपये बढ़कर 100.52 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में पेट्रोल 2.87 रुपये और चेन्नई में 2.46 रुपये महंगा हुआ है। दोनों शहरों में इसकी नई कीमत क्रमश: 113.51 रुपये और 107.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल कोलकाता में 2.80 रुपये और चेन्नई में 2.57 रुपये बढ़कर क्रमश: 99.82 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में ठोस प्रगति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में चार प्रतिशत से ज्यादा गिरावट देखी गई है। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया है। गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था।

# सैनिटरी पैड व टॉयलेट न होने से लड़कियों की पढ़ाई न छूटे: कोर्ट

- **केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा कि इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए।

# नौतपा के पहले दिन महाराष्ट्र में पारा 47 पार

- **महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.2 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म**

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार से नौतपा की शुरुआत भी हो गई है। इसका मतलब है कि अगले 9 दिन और ज्यादा गर्मी रहेगी। हीटवेव और तापमान भी बढ़ेगा।

तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना रह सकता है। रविवार को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का ब्रह्मपुरी लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा था। यहां तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में बांदा 46.8 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज और उरई में 45.6डिग्री , झांसी में 45.6डिग्री , आगरा में 45.4 डिग्री और हमीरपुर में 45.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### गंगा दशहरा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व पर धर्मनगरी में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था और राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार हुआ था। इसी कारण इस दिन हर की पौड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। रविवार देर रात के बाद से ही हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

# ईरान के साथ समझौता अब भी संभव: रुबियो

शाह टाइम्स ब्यूरो


**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक काफी मजबूत प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है।

मार्को रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे।

## अनमोल प्रेम की जीवंत इमारत है ताजमहल: रुबियो



**आगरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को पत्नी जेनेट रुबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार करने के बाद कहा कि यह इमारत अनमोल प्रेम की जीवंत तस्वीर है। विशिष्ट अमेरिकी मेहमान ने मुगलकाल के स्मारक की सुंदरता को एक टक निहारा और प्रशंसा करते हुए इसे दुनिया के सबसे अनमोल प्रेम के खजानों में से एक बताया। दंपति ने डायना बेंच पर बैठकर तस्वीरें खिंचवाई। ताजमहल को देखकर जेनेट ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत है। रुबियो ने स्मारक परिसर में लगभग एक घंटा बिताया और इसकी वास्तुकला, जटिल संगमरमर की नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व का बारीकी से अवलोकन किया।



## संक्षिप्त समाचार

### सिराज-उल-उलूम मदरसे पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को श्रीनगर और शोपियन जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें दारुल उलूम सिराज-उल-उलूम मदरसा भी शामिल है, जिसे पिछले महीने जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने शोपियन के इमाम साहिब इलाके में स्थित मदरसे में तड़के तलाशी अभियान चलाया। पिछले महीने, जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के सबसे बड़े मदरसों में से एक, सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। प्रशासन ने आरोप लगाया था कि मदरसे का प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईएल) से 'गुप्त संबंध' हैं, साथ ही 'गंभीर कानूनी, प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताएं' हैं और यह 'कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला माहौल' बना रहा है।

### काशी में अवैध हुक्का बारों पर पुलिस का छापा, 18 हिरासत में

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सिगरा पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने रविवार रात को विशेष अभियान चलाते हुए अवैध हुक्का बारों पर छापा मारकर 18 लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में नशीली सामग्री, हुक्का फ्लेवर और हुक्का उपकरण बरामद किए गए। इस दौरान 18 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दोनों हुक्का बारों के दो संचालक मौके से फरार हो गए।

# जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहेः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का 'कागजी कवच' बना रहे हैं।

यादव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है। उन्होंने साफ किया कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे। इससे मुख्य जी को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उप्र की भाजपा सरकार भी जानती है कि अब वो कभी वापस नहीं आएगी। इसीलिए वो जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने भरने में लगी है।

# ईंधन कीमतों को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

नई दिल्ली, वार्ता

## फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है



10 दिनों में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़ेः खड़गे



राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई मैन का दिया तमगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं।

खड़गे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आम लोगों की बचत को जलाने के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन सरकार के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 71.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 102.12 रुपये और डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जनता से पिछले 12 वर्षों में ईंधन के जरिए 43 लाख करोड़ रुपये की लूट की है, जो प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये के बराबर है। खड़गे ने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी जैसी सरकारी तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे साफ है कि भाजपा 'जनता नहीं, मुनाफे' की राजनीति कर रही है। गौरतलब है कि हालिया बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बधाई हो मोदी जी, आपने पेट्रोल के दामों का शतक पूरा कर ही लिया।

## राज्य कर विभाग को कर संग्रह बढ़ाने के साथ ही मुख्यमंत्री की हिदायत

# ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा व सम्मानः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



कहाः विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। उन्होंने जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है।

प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

### गर्मी की छुट्टियों में नई रुचियां पहचानें, दादा-दादी के साथ बिताएं समयः योगी

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बच्चों के नाम एक पाती लिखी है। 'योगी की पाती' शीर्षक से जारी इस पत्र में उन्होंने छुट्टियों को आनंद, उत्साह और नए शोध का समय बताया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और अभिभावकों से छुट्टियों को संस्कार, प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने की अपील की है। योगी ने लिखा कि स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से राहत मिलने पर मन कुछ नया सीखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब बच्चे अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें और जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। उन्होंने किशोर और युवाओं से नई भाषा या नया कौशल सीखने को कहा।

# उत्तर प्रदेश में दिन में लू व गर्म रातें कर रही हैं बेचैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान लू से भीषण लू चलने तथा गर्म रातें रहने की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार तेज धूप, उच्च तापमान और उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

विशेष रूप से दोपहर के समय लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज, बांदा, झांसी और कानपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जबकि लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर और मेरठ में भी पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने इसे 'उष्ण रात्रि' की स्थिति बताया है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों पर अधिक पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू के कारण हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76488.96
निफ्टी 24031.70

सोना 159000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी, निफ्टी का सेंसेक्स 1074 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,073.61 अंक (1.42 प्रतिशत) उछलकर 76,488.96 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉपक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत चढ़कर 24,031.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति के बाद निवेश धारणा मजबूत हुई है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर ढाई प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इटरनल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी दो से ढाई प्रतिशत तक चढ़े। एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस और टीसीएस में गिरावट रही।

### चांदी 5,100 बढ़कर 2.71 रुपये लाख किलो हुई, सोना 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# गेहूं, चीनी नरम, चावल मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। वहीं गेहूं और चीनी में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,872 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,787 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 50 रुपये और तुअर दाल की 18 रुपये बढ़ गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 35 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। चना दाल में कमोबेश टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 14 रिंगिट गिरकर 4,472 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल और वनस्पति की औसत कीमत 57.57 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरसों तेल 54 रुपये और पाम ऑयल 36 रुपये फिसल गया। सोया तेल 28 रुपये सस्ता हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7693.75 रुपये, मसूर काली 8125.61 रुपये, मूंग दाल 10161.62 रुपये, उड़द दाल 10847.35 रुपये, तुअर दाल 11261.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.40 रुपये और चावल 3871.87 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3260.04 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4334.73 रुपये और गुड़ 5043.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# तेल के दाम बढ़ने से लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए, जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपये बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपये बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? केजरीवाल ने कहा कि मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नीटः सुप्रीम कोर्ट...** के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला है। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : गौरव

नई दिल्ली, वार्ता



इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है तथा गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है, जब गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आपका (श्री गांधी) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मजबूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि राजग के शासन में पिछले चार पांच वर्षों में रूस से 30 प्रतिशत तक कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन में यह आंकड़ा केवल एक प्रतिशत था।

### आंबेडकर प्रतिमा पर खाकी टोपी और भगवा गमछा पहनाने से बवाल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर स्थित दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाने और गले में भगवा गमछा डालने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से खाकी टोपी और भगवा गमछा हटवाया तथा लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### सेना अस्पताल में कैंसर उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरुआत

**नई दिल्ली।** सेना के अस्पताल (आर एंड आर) में कैंसर के उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरूआत की गई है।

अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एक रिग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलरेटर का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत तकनीक आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में कैंसर देखभाल सेवाओं को मजबूत करेगी और सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। इससे अस्पताल में मरीजों की भारी संख्या के लिए आंतरिक उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

CMYK



## कुमाऊं में मीडिया सशक्तिकरण की ऐतिहासिक पहल

# सीएम ने हल्द्वानी को दी अत्याधुनिक मीडिया सेंटर की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उत्तराखण्ड में पत्रकारों के सशक्तिकरण, आधुनिक सुविधाओं के विस्तार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊँ मीडिया सेन्टर भवन, हल्द्वानी का विधिवत शिलान्यास किया। 6 करोड़ 75 लाख 88 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह अत्याधुनिक मीडिया सेन्टर कुमाऊँ मंडल के पत्रकारों के लिए एक समर्पित, सुसज्जित एवं बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विक. सित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह मीडिया सेन्टर केवल एक भवन नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ - पत्रकारिता को समर्पित एक जीवंत मंच होगा। यह केन्द्र पत्रकारों की कर्मस्थली, विचार-विमर्श का संगम और जन-जन की आवाज को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करने का माध्यम बनेगा।उन्होंने कहा कि अब तक





कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी।

■ 6.75 करोड़ की लागत से बनने वाले मीडिया सेन्टर का किया शिलान्यास
■ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को समर्पित एक आधुनिक केंद्र : मुख्यमंत्री

कुमाऊँ मंडल के पत्रकारों को कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए देहरादून पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन इस मीडिया सेन्टर के निर्माण के बाद अधिकांश कार्य हल्द्वानी से ही संचालित हो सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, विधायक सरिता आर्या,अध्यक्ष मीडिया सलाहकार समिति उत्तराखंड गोविन्द सिंह,मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह,ब्लॉक प्रमुख हल्द्वानी मंजू गौड़, ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्यमंत्री डॉ अनिल कपूर डब्बू, ध्रुव रौतेला, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा,दीपक मेहरा,दिनेश मानसेरा के अतिरिक्त महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे,उपनिदेशक सूचना बद्रीचंद्र, जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी अहमद नदीम, व्यवस्था अधिकारी रामपाल उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम के महाप्रबंधक कुमाऊं अनूप कुमार पाण्डे, परियोजना प्रबंधक एस पी बड़ौनी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु कार्यक्रम में मौजूद रहे।

> कुमाऊँ मीडिया सेन्टर का निर्माण उत्तराखण्ड में मीडिया इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल पत्रकारों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ राज्य में पारदर्शी, जवाबदेह एवं सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।यह ऐतिहासिक कदम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और पत्रकार हितैषी नीतियों का प्रतीक है, जो आने वाले समय में उत्तराखण्ड को मीडिया सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।
>
> **बंशीधर तिवारी,**
> **महानिदेशक सूचना**

## स्वामी विवेकानंद की विचारधारा युवाओं को देती है राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा: जोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को एमबी पीजी कॉलेज, हल्द्वानी में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद प्रेरणा पार्क का भी उद्‌घाटन किया।

■ स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का लोकार्पण व स्वामी विवेकानंद प्रेरणा पार्क का किया उद्‌घाटन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का देवभूमि उत्तराखंड से अत्यंत गहरा और अटूट संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद शांति, ज्ञान और आत्मसाक्षात्कार की खोज में कई बार अल्मोड़ा, चंपावत स्थित मायावती आश्रम एवं कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों में आए थे। उन्होंने कहा कि हिमालय की वादियों की दिव्य ऊर्जा व्यक्ति के भीतर सोए हुए गौरव को जागृत करती है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के सबसे बड़े प्रणेता थे। उन्होंने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय ही मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा और सकारात्मक सोच के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश, जैविक बोर्ड सदस्य चंद्र प्रकाश, जगनमोहन सिंह, राकेश सिंह, हितेश उप्रेती सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भगतदा को पद्म भूषण मिलना प्रत्येक देवभूमिवासी के लिए गौरवशाली पल: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण पुरस्कार मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे देवभूमि के लिए गौरवमयी क्षण बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, ये पुरस्कार भगतदा की सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा की अनवरत यात्रा का सम्मान है।

उन्होंने प्रदेश में पार्टी के संरक्षक और मार्गदर्शक कोश्यारी को मिले पद्म भूषण के गौरवपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। अपने बधाई संदेश में कहा कि

■ कहा, भगतदा की सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का सम्मान है पद्म भूषण

कोश्यारी का पूरा जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहा है। उत्तर प्रदेश के समय से लेकर उत्तराखंड राज्य आन्दोलन और उसके बाद नए राज्य के विकास में उनका योगदान अतुलनीय और अभूतपूर्व है। एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील राजनेता और संगठन के शिल्पकार के रूप में उन्होंने हमेशा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया है। आज जब वह राजनीति से दूरी बनाते हुए सामाजिक कार्यों में जुटे हैं तो भी अंत्योदय कल्याण की उनकी यात्रा अभी भी जारी है। उनका यह सम्मान सिर्फ उनका या भाजपा का नहीं बल्कि हर उत्तराखंडी के लिए गौरव की बात है।

उन्हें भगत दा को बधाई देते हुए कहा कि आपका सादगीपूर्ण जीवन, सरल व्यवहार और उच्च विचार हम सभी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक हैं। आपने राजनैतिक रूप से कार्यकर्ता से लेकर मुख्यमंत्री और प्रशासक के रूप में राज्यपाल की भूमिका में अपने निर्णयों से जनता के कल्याण और विकास के साथ संवैधानिक गरिमा को भी नई ऊंचाइयां दीं। यह पुरस्कार उनकी दशकों लंबी जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की सच्ची पहचान है।

## विधायक दीवान बिष्ट व चीमा के घर पहुंच जोशी ने जताई शोक संवेदना

**काशीपुर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को काशीपुर पहुंचकर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के भाई एवं वर्तमान काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के ताऊ सरदार अमरजीत सिंह चीमा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रामनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक दिवान सिंह बिष्ट के आवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

## पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी पद्म भूषण से सम्मानित

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में प्रदान किया पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून/नई दिल्ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को नई दिल्ली में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को लोक कार्य के लिए पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित हुए नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्र सरकार के कई अन्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। पहले नागरिक अलंकरण समारोह में भारत की राष्ट्रपति ने 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। जिनमें 02 पद्म विभूषण, 06 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं। कोश्यारी जिन्हें उत्तराखंड में 'भगत दा' के नाम से जाना जाता है। कोश्यारी एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पत्रकार और समर्पित राष्ट्रवादी नेता हैं। जिन्होंने अपना जीवन जन सेवा और समाज के गरीब और पिछडे वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। वह आरएसएस के एक निष्ठावान स्वयंसेवक हैं और अपनी सादगी, अनुशासन और सीखने के प्रति गहरे प्रेम के लिए जाने जाते हैं।



## ग्रामसभाओं में स्थित सरकारी भूमि की जांच की जाए: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को निजी आवास, खटीमा से समस्त जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा ग्राम सभाओं में स्थित सरक.ारी भूमि तथा राज्य में भू कानून का उल्लंघन कर खरीदी गई जमीनों की जांच भी की जाए। उन्होंने कहा अभियान में तेजी लाते हुए त्वरित सुनवाई की जाए एवं भू कानून का उल्लंघन पाए जाने पर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्थित शत्रु संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा वक्फ संपत्तियों का ब्योरा, उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किए जाने की नियमित समीक्षा हो। साथ ही इस



■ सीएम ने समस्त जिलाधिकारियों से की वर्चुअल बैठक, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने के सीएम के निर्देश
■ भू कानून का उल्लंघन पाए जाने पर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए, ग्राम सभाओं में स्थित सरकारी भूमि की जांच के निर्देश

ब्योरे की भी नियमित जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा अन्य राज्यों से आए लोगों के शस्त्र लाइसेंस की जांच भी की जाए एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को चिन्हित भी किया जाए।जनसेवा केंद्रों की जांच एवं अवैध राशन कार्ड बनाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे अपात्र लोगों को चिन्हित करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए वेरिफिकेशन ड्राइव में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। आगामी मानसून को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों को पूर्व तैयारियाँ समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक जिले में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने आंतरिक क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, ग्रीष्मकालीन समय को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहाँ कहीं भी पानी की समस्या या तकनीकी दिक्कत हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। वर्चुअल बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा की नियमित मॉनिटरिंग के सीएम के निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर आने वाले श्रद्धालुओं से निरंतर फीडबैक भी लिया जाए और प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों के आधार पर व्यवस्थाओं में भी सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा रूट पर पीने के पानी की समुि.चत उपलब्धता बनाए रखने तथा ट्रैफिक की प्रभावी कार्ययोजना के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मानसखंड यात्रा के अंतर्गत कैंची धाम बाईपास निर्माण कार्य को आगामी माह तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कृषि व बागवानी की योजनाओं को किसानों तक पंहुचाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि एवं उद्यान विभाग के माध्यम से पॉली हाउस, एप्पल मिशन, कीवी मिशन जैसी संचालित अनेक योजनाओं को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखा जाए, बल्कि वास्तविक रूप से किसानों तक उनका लाभ पहुँचाने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और बागवानी के क्षेत्र में परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनाने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का लक्ष्य पूरा हो सके।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्य तेजी से करें

मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों को और अधिक तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जोशीमठ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बढ़ाई जाए।

## डॉ. आशीष चौहान ने संभाली डीएम दून की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद देहरादून में नए जिलाधिकारी के रूप में डॉ. आशीष चौहान ने कार्यभार संभाल लिया है, जबकि पूर्व जिलाधिकारी सविन बंसल का स्थानांतरण सचिवालय में किया गया है। सरकार द्वारा जारी तबादला सूची के बाद जहां सविन बंसल को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने भावुक विदाई दी, वहीं अब जनपद की कमान ऐसे प्रशास.निक अधिकारी के हाथों में आई है, जिनकी पहचान भी जनकेंद्रित, संवेदनशील और नवाचार आधारित कार्यशैली के रूप में रही है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने सितंबर 2024 से देहरादून में अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासन को आमजन के और करीब लाने का प्रयास किया। उनके कार्यकाल में कई ऐसी पहलें शुरू हुई, जिन्होंने सीधे समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को राहत और नई



■ जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ जिलाधिकारी ने बताई प्राथमिकताएं

दिशा देने का कार्य किया। बालिक.ाओं की शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'नंदा-सुनंदा' पहल विशेष रूप से चर्चा में रही। इसके साथ ही भिक्षावृत्ति और कूड़ा बीनने में लगे बच्चों के पुनर्वास के लिए भी जिला प्रशासन ने अभियान चलाया, जिसके तहत ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने, शिक्षा उपलब्ध कराने और सुरक्षित वातावरण देने की दिशा में कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई, त्वरित शिकायत निस्तारण, जरूरतमंदों तक योजनाओं की पहुंच, संवे.दनशील प्रशासनिक हस्तक्षेप और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहलों के कारण सविन बंसल को एक "पीपुल्स एडमिनिस्ट्रेटर" के रूप में पहचान मिली। यही कारण रहा कि उनके स्थानांतरण की खबर के बाद आमजन ने भावुकता के साथ उन्हें विदाई दी। अब देहरादून को नए जिलाधिकारी के रूप में डॉ. आशीष चौहान का नेतृत्व मिला है, जिनकी कार्यशैली भी जनता से सीधे संवाद, तकनीक आधारित समाधान और जनहितकारी नवाचारों के लिए जानी जाती है। डॉ आशीष चौहान, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी है। कार्यभार संभालने से पूर्व उन्होंने कोषागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

## मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के लिए दी 20.79 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न सड़कों एवं शासकीय आवा.सों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के लिए 20.79 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ तेजी लाए जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क, आवास एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से स्थानीय जनता को बेहतर आवागमन, आधारभूत सुविधाएं एवं विकास का लाभ प्राप्त होगा।

■ प्रदेश में विकास कार्यों का मिलेगी रफ्तार

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के टनकपुर में न्यायिक अधिकारियों के 01 टाईप वी आवास निर्माण के लिए कुल 1.29 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत धनराशि ₹ 77.61 लाख, जिसमें केन्द्रांश 69.85 लाख तथा राज्यांश 7.76 लाख सम्मिलित है की स्वीकृति के साथ होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के नागरिक सुरक्षा कार्यालय के लिए अनावासीय भवन निर्माण कार्य के लिए 2.24 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 89.80 लाख की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड थौलधार के अंतर्गत कमान्द-थौलधार मोटर मार्ग के 5.410 किलोमीटर पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 3.52 करोड़, जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड गरुड़ में बिनातोली से गरकोट तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4.01 करोड़ के साथ ही जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के अंतर्गत विकासखण्ड पाबों में चपलोडी-फल्द्वाड़ी मोटर मार्ग के डामरीकरण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 2.22 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

जनपद देहरादून के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-72 (लच्छीवाला) से गुलर स्पोर्ट्स स्टेडियम होते हुए रायपुर (महाराणा प्रताप चौक) तक 04 लेन एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर निर्माण कार्य के लिए 1.03 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन होगा मिशन 2027 में जीत की कुंजी: भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को चुनावी तैयारी की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए जीत का मार्गदर्शन प्राप्त होने की उम्मीद जताई है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष का अपनी सबसे छोटी इकाई बूथ समिति से चर्चा करना, हमारे संगठन की ताकत और सोच दर्शाने के लिए काफी है। इससे अलग कुछ सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में वृद्धि को खाड़ी युद्ध का तात्कालिक प्रभाव बताते हुए, शीघ्र स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई है।

■ बेहतर प्रबंधन का नतीजा, जनता तक नही पहुंची बढ़े तेल की आंच

पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की लगातार दूसरे दिन विशेष बैठक से पूर्व उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर मीडिया के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि 27 के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का आना प्रत्येक कार्यकर्ता का उत्साहवर्धन और नया जोश भरने का काम करेगा। इस दौरान विभिन्न बैठकों और व्याख्यानों में मिलने वाला मार्गदर्शन आगामी विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाने में अहम साबित होने वालो है

### प्रवास के दौरान कार्यक्रमों की जिम्मेदारी तय

प्रदेश मोडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर तय कार्यक्रमों और उनकी जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रवास के प्रथम दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में होने वाले कार्यक्रमों, कोर कमेटी एवं मंत्री गणों की बैठकों की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, आगमन एवं प्रस्थान की जिम्मेदारी नलिन भट्ट को दी गई है। दूसरे दिन मुख्यमंत्री आवास एवं दिवंगत पूर्व सीएम बीसी खंडूरी के आवास आदि कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सिद्धार्थ अग्रवाल, सांसद एवं विधायकों के साथ बैठक की जिम्मेदारी कुंदन परिहार, प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री जिला प्रभारी, सहप्रभारी एवं जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की जिम्मेदारी शैलेंद्र बिष्ट, महापौर नगर पालिका, अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुखों के साथ बैठक की जिम्मेदारी तरुण बंसल को दी गई है। इसी तरह मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश प्रवक्तागणों से संवाद की जिम्मेदारी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान को सौंपी गई है। प्रवास के अंतिम और तीसरे दिन प्रातः टपकेश्वर मंदिर दर्शन कार्यक्रम की जिम्मेदारी सिद्धार्थ अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष के घर जलपान जिला महामंत्री सुरेंद्र राणा, बूथ समिति की बैठक की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रबुद्ध गोष्ठी की जिम्मेदारी विनय रूहेला, युवा संवाद कार्यक्रम की जिम्मेदारी आदित्य चौहान को दी गई है।

### कहा, भगत दा से प्रेरणा लें हरदा, राजनीति छोड़, करें समाजसेवा

इसी तरह पूर्व सीएम कोश्यारी के पूर्व सीएम हरीश रावत के कार्यक्रम में पहुंचने पर पूछे सवाल के जबाब में कहा, रावत जी को भगत दा से प्रेरणा लेनी चाहिए। क्योंकि जिस तरह कोश्यारी जी राजनीति से दूरी बनाते हुए, सामाजिक योगदान की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, ठीक वैसे ही हरदा को करने की जरूरत है। वैसे भी उनके प्रति जनता में विश्वास और कांग्रेस पार्टी में अहमियत दोनों लगभग समाप्त हो गई है। लिहाजा उन्हें प्रेरणा लेते हुए सक्रिय राजनीति से किनारा कर समाज में योगदान बढ़ाना चाहिए।

CMYK

# पहाड़ से पलायन रोकने की पहल

## गांव आबाद करने की मुहिम: पोखरी गांव में सजा म्यूजिकल विलेज फेस्टिवल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पहाड़ के गांवों से लगातार हो रहे पलायन के बीच कांडा क्षेत्र के पोखरी गांव में आयोजित म्यूजिकल विलेज फेस्टिवल चर्चा का केंद्र बन गया। गांव को आबाद करने और पहाड़ की संस्कृति को नई पहचान देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का आयोजन यूकेडी नेता वरुण चंदोला की ओर से किया गया। फेस्टिवल में गांव को विशेष रूप से संगीत थीम पर सजाया गया। प्रत्येक घर को आकर्षक रंगों और सांस्कृतिक चित्रों से संवारा गया, जिससे पूरा गांव एक जीवंत सांस्कृतिक मंच में तब्दील नजर आया। आयोजन में कुमाऊं और गढ़वाल की लोक कला, संगीत और



संस्कृति को बढ़ावा देने की विशेष पहल की गई। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम में सोशल मीडिया जगत की चर्चित हस्तियां और कलाकार भी पहुंचे। हल्द्वानी की आंटी, साइकिलिस्ट प्रदीप राणा, लोक गायक पूरन राठौर, बागनाथ लोक कला मंच के कलाकारों समेत कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी प्रस्तुतियों और उपस्थिति से कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूकेडी नेता आशीष नेगी और पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी रहे। आयोजक वरुण चंदोला ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि पहाड़ के खाली होते गांवों को फिर से जीवंत बनाने की सोच का हिस्सा है। पहाड़ की बाखलियों, पारंपरिक घरों, संस्कृति और यहां की आत्मा को देश-दुनिया के सामने लाना जरूरी है। जब बाहर से लोग इन गांवों में आएंगे, यहां की संस्कृति को समझेंगे, तो गांवों के प्रति नई सोच विकसित होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से दूर-दूर से आए लोगों को पहाड़ को करीब से जानने और समझने का अवसर मिलता है। वक्ताओं ने कहा कि यदि गांवों में संस्कृति, पर्यटन और स्थानीय भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए तो पलायन को काफी हद तक रोका जा सकता है। यहां आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने पहाड़ी परिधान में कुमाऊंनी, गढ़वाली, गीतों में जमाकर ठुमके लगाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज जोशी, भवन कांडपाल, भूपेंद्र कोरंगा, विजया कोरंगा, हरीश चंदोला, विनोद शाह, अजय चन्दोला, राजू उपाध्याय सहित स्थानीय जनता मौजूद रही।

# ग्रामीणों ने लगाया 'नो रोड नो वोट' का नारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट के फुलवाड़ी पंचायत घर में फुलवाड़ी, फुलाचौरा खालीधार सड़क संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघर्ष को तेज करने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पूर्व कैप्टन रतन सिंह दानू को अध्यक्ष, करम सिंह दानू को सचिव, मदन सिंह धामी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं शेर सिंह दानू एवं गजेंद्र सिंह दानू को उपाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक पद पर चरण सिंह बघरी, महिला उपाध्यक्ष के रूप में तारा धामी और बसंती बघरी का चयन किया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह बघरी को उप सचिव तथा खड़ग सिंह दानू को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष पूर्व कैप्टन रतन सिंह दानू सहित ग्रामीणों ने एक स्वर में 'नो रोड, नो वोट, नो सपोर्ट' के नारे लगाए और निर्णय लिया कि सड़क निर्माण शुरू होने तक संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि अब वे सड़क निर्माण कार्य आरंभ होने तक पीछे हटने वाले नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने फुलवाड़ी गांव के भ्रमण के दौरान पांच महीने के भीतर सड़क निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। इससे क्षेत्र की जनता में निराशा और आक्रोश का माहौल है। इस मौके पर पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया ने कहा कि यह क्षेत्र जिला पंचायत तोली के अंतर्गत आता है और वे भी अपने स्तर पर सड़क निर्माण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में देवेंद्र सिंह दानू, मोहन सिंह दानू, दलीप सिंह दानू, उम्मेद सिंह दानू, सरुली देवी, पार्वती देवी, आनंद सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह बघरी, प्रकाश सिंह गढ़िया, भूपाल सिंह मर्तोलिया, हीरा सिंह धामी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### युवक ने विषाक्त पदार्थ गटका, भर्ती

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक 26 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से घर में रखा विषाक्त पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर 24 घंटे के ऑब्जर्वेशन में भर्ती किया है। जानकारी के अनुसार नगर के बनखोला निवासी चन्दन सिंह पुत्र दीवान सिंह ने सोमवार सुबह घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर बाद युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में फिजिशियन डाक्टर गौरव सिंह कैड़ा ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और उसे 24 घंटे के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने युवक से पूछताछ कर आत्मघाती कदम उठाने के कारण जानने का प्रयास किया।

### एनएसयूआई ने आज धरने की चेतावनी दी

**बागेश्वर।** सीएम स्कॉलरशिप की राशि छात्र-छात्राओं के खातों में नहीं आने पर एनएसयूआई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज छात्रों ने कैंपस निर्देशक को ज्ञापन सौंपते हुए मंगलवार से कैंपस गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी है। सोमवार को छात्र कैंपस में एकत्रित हुए और कैंपस निर्देशक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। छात्रों का कहना था कि सीएम स्कॉलरशिप की राशि लंबे समय से लंबित है, जिससे छात्र-छात्राओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द स्कॉलरशिप की राशि जारी नहीं की गई तो मंगलवार से कैंपस प्रवेश द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस मौके पर पंकज कुमार, प्रेम दानू, राहुल बाराकोटी, कैलाश नाथ मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर स्वच्छता अभियान चलाया

**बागेश्वर।** गंगा दशहरा महापर्व के अवसर पर श्री नौला धारा, भागीरथी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत धारे के आसपास स्फाई कर चुने का छिड़काव किया गया तथा आमजन को जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने गंगा और जल स्रोतों का संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में संयुक्त वनों के विकास तथा भागीरथी पुनर्जीवित अभियान के तहत कांडा सड़क चौड़ीकरण के साथ सड़क किनारे बांस, रिंगाल और अन्य बहुउपयोगी पौधों के रोपण में सहयोग देने का आह्वान किया गया। किशन सिंह मलड़ा ने क्षेत्रवासियों से वृक्षारोपण और उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा भागीरथी क्षेत्र को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार, किशन राम, रमेश चंद्र, शोबन राम, रमेश प्रकाश पर्वतीय, गोविंद मर्तोलिया, मुनीर खान, गणेश जोशी, अमित डसिला आदि लोग मौजूद रहे।

### 12 वर्षीय अशना नकी ने लिखी किताब

**काशीपुर।** आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर की कक्षा 8 की 12 वर्षीय छात्रा काशीपुर निवासी अशना नकी पुस्तक लेखक बन गई हैं। वह अपने परिवार की पांचवी तथा सबसे कम आयु की पुस्तक लेखक हैं। इनका कहानी संग्रह यंग माइंड ग्रेट लेसंस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल पुस्तक प्रकाशक ब्री बुक्स ने प्रकाशित किया है। आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर के चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह की प्रेरणा से प्रिंसिपल डॉ. मालिनी शर्मा के नेतृत्व में युवा लेखकों के रूप में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुस्तक प्रकाशक ब्री बुक्स के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत यह पुस्तक अशना नकी द्वारा लिखी गई है तथा डिजाइन की गई है। कार्यक्रम के संयोजक स्कूल के अंग्रेजी लेक्चरर अतुल यादव हैं। इस पुस्तक में 10 बाल प्रेरक कहानियां शामिल है। यह पुस्तक ब्री बुक्स की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### वारंटी को गिरफ्तार किया

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश/निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर एसके सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर प्रशांत कुमार के निर्देशन में कोतवाली काशीपुर पुलिस के उपनिरीक्षक कंचन पडलिया व कांस्टेबल प्रकाश शर्मा द्वारा द्वारा एक वाद में न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील करते हुए एक वारंटी अभियुक्त जगजीत सिंह उर्फ जग्गा पुत्र करनैल निवासी कुंडेश्वरी, जोकि काफी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था, को गिरफ्तार किया गया है।

### कुमायूं वैश्य महासभा ने बांटा शर्बत

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित अर्बन बैंक गेट निकट कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में गंगा दशहरा पर्व पर स्टाल लगाकर राहगीरों को शर्बत बांटकर भीषण गर्मी से निजात दिलाने का प्रयास किया गया। इस दौरान महासभा अध्यक्ष एमपी गुप्ता, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, शेष कुमार सितारा, मनोहर गुप्ता, शंभूनाथ अग्रवाल, जीके अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता लोहिया, राजीव अरोड़ा (बच्चू), सौरभ अग्रवाल, अभिषेक गोयल समेत अतिथि मौजूद रहे।

# डा. तुषाद्री को 'उत्कृष्ट पीएचडी शोध' पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर की पीएचडी शोधार्थी डा. तुषाद्री सिंह को भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ (आईएयूए) द्वारा फसल विज्ञान श्रेणी में 'उत्कृष्ट पीएचडी शोध' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें



यह सम्मान गेहूं में हीट स्ट्रेस टॉलरेंस पर आधारित शोध थीसिस के लिए मिला। यह शोध आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. जेपी जायसवाल के निर्देशन में पूरा हुआ। शोध में सीआरआईएसपीआर/कैस9 आधारित जीनोम संपादन तकनीक और पारंपरिक पादप प्रजनन के माध्यम से उच्च तापमान सहनशील गेहूं किस्मों के विकास पर कार्य किया गया। शोध के दौरान तापीय तनाव में बेहतर उत्पादन देने वाली उन्नत गेहूं लाइनों की पहचान की गई। साथ ही जीनोम संपादन के लिए प्रभावी गाइड आरएनए विकसित किए गए, जो भविष्य में जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य सुरक्षा और गेहूं उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप ने डा. तुषाद्री सिंह को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# अनुशासन, राष्ट्रसेवा की भावना को किया जागृत

## 24 यूके गर्ल्स बटालियन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत (रानीखेत) में 24 यूके गर्ल्स बटालियन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर उत्साह और अनुशासन के साथ जारी है। 20 से 29 मई तक आयोजित इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों की गर्ल्स कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ नेतृत्व, आत्मविश्वास और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। दस दिवसीय इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ने कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को नई मजबूती प्रदान की।



शिविर का उद्घाटन 24 यूके गर्ल्स बटालियन की कमान अधिकारी कर्नल पीवी कुलकर्णी ने किया। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी प्रशिक्षण के महत्व और राष्ट्रसेवा की भावना से अवगत कराया। कैंप में योग, निबंध, वाद-विवाद, क्विज और पैनल डिस्कशन जैसी प्रतियोगिताओं के साथ ड्रिल, ड्रोन प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, राइफल हैंडलिंग और फायरिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। मिलिट्री हॉस्पिटल की काउंसलर डा. देविका ने मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता पर व्याख्यान दिया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक रोहित कुमार ने फाइनेंस लिटरेसी और साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी मोनिका कांडपाल ने कैडेट्स को कबड्डी के टिप्स देकर खेलों के प्रति प्रेरित किया।

शिविर के दौरान कैडेट्स को कुमाऊं रेजीमेंट ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण भी कराया गया। कैंप में ऑनरी लेफ्टिनेंट दीपेंद्र सिंह, एसएम देवेंद्र सिंह, बीएचएम कुलविंदर सिंह, मेडिकल इंचार्ज आदर्श एस, लेफ्टिनेंट ज्योति टम्टा, कैप्टन मनीष सक्सेना, थर्ड ऑफिसर शैलजा श्रीवास्तव और केयर टेकर ज्योति सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर खिचड़ी व शरबत बांटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्येष्ठ मास की दशमी यानि गंगा दशहरा के अवसर पर मानपुर रोड स्थित श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट नंगली आश्रम, काशीपुर के तत्वावधान में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी एवं शरबत के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज की प्रेरणा से किया गया। इस सेवा कार्य में ट्रस्टी चमन सिंह प्रजापति एवं अन्य भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिवम् प्रजापति, देवानन्द, माया प्रजापति, शिवानी प्रजापति सहित कई श्रद्धालु एवं भक्तजन मौजूद रहे।

# किन्नरों की जबरन वसूली से तंग आए लोगों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र में किन्नरों की जबरन बढ़ती वसूली और अराजकता से परेशान जनता के पक्ष में काशीपुर कल्याण मंच ने रविवार सायं रामलीला प्रेक्षागृह में आम बैठक का आयोजन किया, जिसमें उपस्थित तमाम व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि शादी, बच्चे के जन्म, गृह प्रवेश आदि अवसरों पर किन्नर 21 हजार रुपये से 1.25 लाख रुपये तक की मांग करते हैं। मांग पूरी न होने पर ये किन्नर शोर-शराबा करते हैं और बद्दुआ भी देते हैं। इन पर अंकुश लगाया जाना बेहद जरूरी है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि स्थानीय प्रशासन इस ओर कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा है। बैठक में देर तक इस बात पर चर्चा चली कि आखिर किन्नरों की बढ़ती वसूली के खिलाफ स्थानीय प्रशासन कोई कारगर कदम क्यों नहीं उठा रहा है। किन्नरों की वसूली रोकने पर व्यापक चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार, 29 जुलाई को एक प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में नगर निगम में महापौर दीपक बाली से वार्ता करेगा, तदोपरांत आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। काशीपुर कल्याण मंच इस मुद्दे पर जरा भी खामोश नहीं रहेगा। बैठक में कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट, सुशील कुमार अग्रवाल, कैलाश चन्द्र प्रजापति, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, राजकुमार यादव, चक्रेश जैन, मदनमोहन गोले, पीयूष गौड़, विजय चौधरी, सनत पैगिया एडवोकेट, शेष कुमार सितारा आदि मुख्यत: उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस स्टैण्ड की दशा न सुधरी तो आंदोलन करेगी कांग्रेस : अलका पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रोडवेज बस स्टेशन की सुविधाओं को लेकर महानगर कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अलका पाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार को शीघ्र इसके रखरखाव पर ध्यान देना होगा अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ बस स्टेशन की सुविधाओं के लिए आंदोलन छोड़ देंगे। अलका पाल ने कहा कि लंबे समय से रोडवेज बस स्टेशन को स्थानांतरित किए जाने की चर्चा हो रही है, लेकिन इसके लिए कोई भी स्पष्ट आदेश शासन के द्वारा नहीं है। वर्तमान में रोडवेज बस स्टेशन अस्त-व्यस्त व्यवस्था में है। टूटी चारदीवारी, टूटे टॉयलेट, खंडहर होती जा रही बिल्डिंग किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना को कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि रोडवेज परिसर के अंदर बरसात के दिनों में जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है। इसकी निकासी के लिए भी ना तो फर्श की मरम्मत की गई है ना ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था।



महानगर जिला अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि वर्तमान में केवल रोडवेज बस स्टेशन में 25 प्रतिशत नियमित कर्मचारी हैं और 75 प्रतिशत आउटसोर्सिंग एजेंसीज के कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। अफसोस का विषय है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार आज केवल 25 प्रतिशत स्थाई कर्मचारियों के सहारे रोडवेज बस स्टेशन चला रही है। उन्होंने मांग की काशीपुर से गदरपुर होते हुए सिरसा हरियाणा तक की बस सेवाएं आरंभ की जाए क्योंकि बड़ी संख्या में इस क्षेत्र के लोग हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करते हैं। अलका पाल अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि 1982 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे पंडित नारायण तिवारी के समय निर्माण हुआ रोडवेज बस स्टेशन आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, लेकिन भाजपा सरकार के नुमाइंदों का इस और कोई भी ध्यान नहीं है। बेहतर होगा कि समय रहते हुए सरकार चेत जाएं अन्यथा कांग्रेसी कार्यकर्ता सरकार की इस हटधर्मिता के खिलाफ बड़ा आंदोलन छोड़ देंगे।

# ताड़ीखेत में शिक्षक उन्नयन गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** ताड़ीखेत ब्लॉक सभागार में राजकीय शिक्षक संघ की ओर से शिक्षक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा



तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं और दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी, जनगणना समेत कई प्रशासनिक कार्यों में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहता है। विधायक ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश जोशी ने किया। इस दौरान नवनियुक्त शिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ को और अधिक मजबूत बनाने पर बल देते हुए शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। गोष्ठी में शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले पूर्व अध्यापकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी तारा चंद, कनिष्ठ प्रमुख जीवन बुधानी, पूर्व प्रधान मंजीत भगत, जिला महामंत्री ध्यान सिंह नेगी, मंडल अध्यक्ष राम सिंह रावत, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष किशोर जोशी, महिला उपाध्यक्ष ममता आर्य, कविता लोहनी, महिला प्रचार मंत्री उषा पंत, पुष्पा पंत, सरोज पपनें, त्रिलोचन जोशी, यशपाल चौहान, दिनेश भंडारी, महेंद्र भंडारी, अशोक कैड़ा, चंद्र मोहन पपनें, मनोज पाठक और शैलेश मटियानी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** सट्टे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एसआई दिनेश चन्द्र सिंह कां. मनोज जोशी व ज्ञानेन्द्र कुमार के साथ गश्त करते हुए मौहल्ला अल्लीखां में करबला मैदान के पास पहुँचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति सट्टे की खाड़ी बाड़ी कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी मौके पर पहुँचे तो देखा एक व्यक्ति सट्टा लगबा रहा है। पुलिस ने सट्टा लगा रहे व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसने अपना नाम अजय पुत्र वीरेन्द्र कुमार यादव निवासी यादव सभा, मौहल्ला बांसफोड़ान, काशीपुर बताया। पूछताछ करने पर अजय ने बताया कि वह वहां सट्टा खिला रहा था इसलिये पुलिस को देखकर पकड़े जाने के डर से भागने की कोशिश कर रहा था। तलाशी लेने पर अजय के पास से कुल 4420 रुपये, एक हाथ में पेजों में गाजियाबाद (पीला पेज) व फरीदाबाद (हरा पेज) प्रिन्ट की हुई दो डायरी व एक पैन बरामद हुआ। बरामदा रुपयों व डायरी के बारे में पूछने पर उसने बताया कि यह वही रुपये हैं जो उसने सट्टा लगाने वाले लोगों से इकठ्ठा किये हैं। पुलिस ने अजय के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### नशे में कार दौड़ाना युवक को पड़ा भारी

**अल्मोड़ा।** ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत चौखुटिया पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे चालक के खिलाफ कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और सीओ बलवंत सिंह रावत के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चालक गौरव मेहरा निवासी जमराड़ छीतार शराब के नशे में बिना सीट बेल्ट लापरवाही से वाहन चलाते पकड़ा गया। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया।

# डोबा-चौसली मार्ग से छोटे वाहनों और बसों की आवाजाही शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे के पास क्वारब का वैकल्पिक डोबा-चौसली मार्ग से आवाजाही शुरू हो गई है। यातायात शुरू होने से अब जल्द ही क्वारब सड़क पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की तैयारी है। जिससे बाद पहाड़ी का ट्रीटमेंट किया जा सके। दरअसल, लंबे समय से क्वारब से दरकती पहाड़ी मुसीबत का सबब बनी हुई है। आए दिन पहाड़ी के दरकने से सड़क पर आवाजाही बाधित हो जाती है। वहीं, वाहनों का अधिक दबाव होने से यहां पहाड़ी के ट्रीटमेंट का कार्य सही ढंग से नहीं हो पा रहा था। इससे निजात पाने के लिए शासन प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग डोबा-चौसली का निर्माण किया गया है। अब यह वैकल्पिक मार्ग पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। साथ ही लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क पर छोटे वाहनों के साथ बसों का भी आवागमन शुरू कर दिया है। वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही शुरू होने के कारण अब लोगों को क्वारब में खतरे के बीच वाहन नहीं चलाने पड़ेंगे। अब डोबा-चौसली सड़क के शुरू होने से क्वारब में वाहनों की आवाजाही रोककर पहाड़ी का ट्रीटमेंट तेजी से किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन और एनएच वार्ता कर यातायात रोकने पर निर्णय लेंगे। बारिश के समय क्वारब की पहाड़ी और खतरनाक बन जाती है। पहाड़ी में पानी रिसने से भूस्खलन होने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, सड़क भी कीचड़ से सन जाती है। पिछले साल मानसून सीजन में भारी बारिश के कारण कई बार क्वारब में आावागमन पूरी तरह बंद करना पड़ा था, लेकिन इस बार वैकल्पिक मार्ग में आवाजाही शुरू होने से मानसून सीजन में लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। एई कुंदन गिरी गोस्वामी ने बताया कि डोबा-चौसली मार्ग बनकर तैयार हो गया है। साथ ही छोटे वाहनों व बसों की आवाजाही भी शुरू कर दी गई है। वैकल्पिक मार्ग पर यातायात शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### एनकॉर्ड एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**बागेश्वर।** अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में एनकॉर्ड एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मादक पदार्थों की रोकथाम, भांग और पोस्त की अवैध खेती पर कार्रवाई, नशा मुक्ति केंद्रों की गतिविधियों और जनजागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई। एडीएम ने अधिकारियों को अवैध तस्करी और खेती पर सतत निगरानी रखने तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू निषेध कानून का सख्ती से पालन कराने, प्रवर्तन कार्रवाई बढ़ाने और मानस हेल्पलाइन 1933 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र हरीश नाथ तथा पुत्रवधु ललिता गोस्वामी (पत्नी हरीश नाथ) मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता व गलत व्यवहार करते हैं।

अत: मैने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मोहन नाथ
पुत्र स्व. भीम नाथ सिंह
निवासी- इन्द्रानगर 02, बिन्दुखत्ता,
तहसील लालकुआं (नैनीताल)।

# शराब की दुकानों पर फूटा आक्रोश

## लोग सड़कों पर उतरे, ज़ोरदार प्रदर्शन, तहसील में नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 और 2 में अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें खोले जाने के विरोध में सोमवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और तहसील परिसर पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दोनों शराब की दुकानों को तत्काल बंद कराने की मांग उठाई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रिहायशी इलाके के बीच शराब की दुकानें खोली जा रही हैं, जबकि आसपास मंदिर और विद्यालय भी



मौजूद हैं। ऐसे में क्षेत्र का माहौल खराब होने के साथ बच्चों और महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकानें खुलने से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी और परिवारों का माहौल प्रभावित होगा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकान पहले ही शुरू कर दी गई है, जबकि देशी शराब की दुकान खोलने की तैयारी चल रही है। लोगों का आरोप है कि दोनों दुकानें मूल रूप से विकासखंड भीमताल के लिए आवंटित थीं, लेकिन वहां विरोध होने के बाद इन्हें कोटाबाग ब्लॉक क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया। इसे लेकर लोगों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही शराब की दुकानों को बंद नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। वहीं, कालाढूंगी के उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा।इस दौरान जिला प्रशासन सदस्य अरनव कंबोज, सभासद रोहित बुधलाकोटी, मनोज अधिकारी, समाजसेवी मयंक गुप्ता सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहे।

### ईद पर सौहार्द बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** आगामी ईदुल अज़हा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप संपन्न कराने के उद्देश्य से कालाढूंगी प्रशासन और पुलिस द्वारा कोतवाली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस की ओर से त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली-पानी की आपूर्ति तथा कुर्बानी से संबंधित



दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। उप प्रभारी निरीक्षक पंकज जोशी ने कहा कि ईदुल अज़हा का पर्व हर वर्ष की तरह इस बार भी शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थान पर ही की जाए और खुले में कुर्बानी करने से बचा जाए, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। साथ ही त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की गई। बैठक में प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, जामा मस्जिद सदर वकील अहमद, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अली हुसैन, पूर्व सभासद सईद अहमद, मतलूब इलाही, मो, शहजाद, नदीम अहमद, आसिफ सैफी, जाहिद हबीबी, हाजी शाकिर हुसैन, कांस्टेबल किशन नाथ, तेजपाल, हरबंश राणा आदि उपस्थित रहे।

# कुमाऊं के पत्रकारों को सीएम ने दी बड़ी सौगात

## तीन मंजिला अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का भव्य शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी रोड स्थित ब्लॉक ऑफिस के पास ऊंचापुल में सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस अत्याधुनिक कुमाऊं मीडिया सेंटर भवन का शिलान्यास किया है वे तीन मंजिला होगा। अच्छी बात यह है कि इस मीडिया सेंटर से न सिर्फ कुमाऊं बल्कि पूरे उत्तराखंड के पत्रकारों को फायदा होगा। इसमें

### पत्रकारों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं और आवासीय व्यवस्था

भी खासकर कुमाऊं के पत्रकारों को सूचना विभाग देहरादून के चक्कर काटने से राहत मिलेगी। उनका समय बचेगा और समाचार पत्रों खबरों से जुड़े सारे काम एक छत के नीचे कुमाऊं के सबसे बड़े शहर हल्द्वानी में पूरे हो जाएंगे।

कुमाऊं के पत्रकारों को आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जो सौगात दी है उससे पत्रकारों में गजब की खुशी की लहर है। मीडिया सेंटर की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। सीएम धामी ने आज उसे अमल. जामा पहनाकर पत्रकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नया आयाम दिया है। बता दें कि यह तीन मंजिला मीडिया सेंटर भवन लगभग 6 करोड़ 75 लाख 88 हजार की लागत से बनने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मीडिया सेंटर को कुमाऊँ मंडल के पत्रकारों के लिए एक समर्पित,



सुसज्जित एवं बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह मीडिया सेंटर केवल एक भवन नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को समर्पित एक जीवंत मंच होगा। उन्होंने कहा यह केंद्र पत्रकारों की कर्मस्थली, विचार-विमर्श का संगम और जन-जन की आवाज को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस मीडिया सेंटर में आधुनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा, डिजिटल स्टूडियो, समृद्ध लाइब्रेरी, कैंटीन और अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा मुनस्यारी, बागेश्वर, कपकोट, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा और रानीखेत जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले पत्रकारों के लिए आवासीय गेस्ट रूम की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के कल्याण और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर 5 करोड़ कर दी गई है, जिससे आकस्मिक निधन या गंभीर बीमारी की स्थिति में पत्रकारों के परिजनों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं उनके आश्रितों के लिए 5 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू की गई है। वहीं 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पत्रकारों को 8 हजार प्रतिमाह पेंशन भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने विश्वास जताया कि यह मीडिया सेंटर हल्द्वानी को कुमाऊँ क्षेत्र का प्रमुख मीडिया हब बनाएगा और यहां से संचालित पत्रकारिता क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावी भूमिका निभाएगी।

### शिलान्यास कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

कुमाऊं मीडिया सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, विधायक सरिता आर्या, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह, उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला, मेयर गजराज बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा, दीपक मेहरा, दिनेश मानसेरा समेत जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, उपनिद. शक सूचना बद्रीचंद्र, जिला सूचना अधिकारी नैनीताल गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी अहमद नदीम, रामपाल, पेयजल निर्माण निगम के महाप्र. बंधक कुमाऊं अनूप कुमार पाण्डे, परियोजना प्रबंधक एसपी बड़ौनी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं पत्रकार मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया मंथन में युवाओं से किया संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित सोशल मीडिया मंथन विथ सीएम धामी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, डिजिटल वॉलेंटियर्स एवं युवाओं के

### डिजिटल प्लेटफॉर्म को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया, युवाओं को सकारात्मक उपयोग का दिया संदेश

साथ विस्तृत संवाद किया।

कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने सोशल मीडिया, उत्तराखंड के विकास, रोजगार, संस्कृति, राष्ट्रवाद और युवाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सहज, स्पष्ट और आत्मीयता के साथ उत्तर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सकारात्मक परिवर्तन



लाने और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला प्रभावशाली मंच बन चुका है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा डिजिटल माध्यमों के जरिए अपनी बात वैश्विक स्तर तक पहुंचाने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया को जनसंवाद का सशक्त माध्यम बनाकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा है। इसी दिशा में उत्तराखंड सरकार भी युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार, स्टार्टअप, नवाचार, खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण विरोधी कानून और सख्त भू-कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिससे प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने का कार्य हुआ है। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स ने अपने अनुभव एवं सुझाव भी साझा किए। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम. सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बिष्ट, दायित्वधारी शंकर कोरंगा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### 253 वाहनों के चालन काटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार एवं लगाम के तहत व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 253 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 11 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नो पार्किंग में खड़े 71 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं गलत नंबर प्लेट और संदिग्ध पाए गए 52 वाहनों के चालान किए गए। तेज रफ्तार और रैश ड्राइविंग कर रहे 32 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। बिना नंबर प्लेट के चल रहे आठ वाहनों के चालान किए गए। अभियान के दौरान 156 मामलों में कोर्ट चालान किए गए, जबकि कुल 40,500 रुपये संयोजन शुल्क के रूप में वसूले गए। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### काली फिल्म और ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन प्रहार एवं लगाम के तहत चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान जिन वाहनों पर प्रतिबंधित काली फिल्म लगी मिली, उन्हें मौके पर ही हटवाया गया। वहीं शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों की एल्कोमीटर से जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'ऑपरेशन प्रहार एवं लगाम' के तहत यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### युवक ने गटका जहर मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते बरेली निवासी एक युवक की जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल में लाया गया जहां पर हालत नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीते रविवार की रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार फतेहगंज, बरेली निवासी 29 वर्षीय गोविंद ने रविवार रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति में उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि युवक द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**हल्द्वानी।** बदायूं के रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से भदौरा, बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी 30 वर्षीय पुजारी नाम का एक युवक हल्द्वानी में रहकर मजदूरी का काम करता था। बताया जा रहा कि बीते रविवार की रात युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। उसे आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया, और पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### गंगा दशहरा पर किया शरबत वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति हल्द्वानी द्वारा सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कोतवाली के पास हनुमान मंदिर के निकट आम जनता एवं राहगीरों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिसमें लगभग छह हजार से अधिक लोगों ने शरबत ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा ने रिबन काटकर किया। इस दौरान समिति द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं संचालन समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे एवं महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दुग्ध संघ लालकुआं द्वारा दूध, लस्सी एवं अन्य सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में पीसी जोशी, दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, संजय भाकुनी, आनंद सिंह ठठोला, रमेश चंद्र पांडे, श्रीकांत खंडेलवाल, दया कृष्ण पंत, इंदर सिंह निगल्टिया, डीके बल्यूटिया, प्रताप सिंह जंतवाल, आनंद सिंह भाकुनी, जीवन चंद्र डालाकोटी, हेमचंद तिवारी, जीएस चड्ढा, एसके श्रीवास्तव, कुंदन सिंह खन्नवाल, बीडी जोशी, डा. शिव दत्त तिवारी, डा. एससी सती, केके कवड़वाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मीरा श्रोत्रिय, सरोजिनी तिवारी, नीरू धवन, भगवती बिष्ट, मोहनी पांडे मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**लालकुआं।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा लालकुआं इकाई के वरिष्ठ व्यापारी एवं पूर्व चेयरमैन नगर पालि. का लालकुआं कैलाश पंत को जिला संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। अपने मनोनयन पर नवमनोनीत जिला संरक्षक कैलाश पंत ने जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे का आभार व्यक्त करते हुए संगठन हित में पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। कैलाश पंत के जिला संरक्षक मनोनीत होने पर संगठन पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, संजय जोशी, दीवान सिंह बिष्ट 'दानी', नंदकिशोर, मुरली मनोहर मुलानी, कौशलेंद्र भट्ट, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, प्रदीप सब्बरवाल रहे।

## खनन कारोबारियों से सिपाही ने मांगी रिश्वत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बेतालघाट चौकी में तैनात पुलिस आरक्षी को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे

### खनन वाहनों को सीज करने की दे रहा था धमकी, विजिलेंस के हत्थे चढ़ा

हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी खनन कारोबारियों से अवैध वसूली कर रहा था और रकम नहीं देने पर वाहनों का चालान व सीज करने की धमकी दे रहा था। जानकारी के अनुसार विजिलेंस को टोल फ्री नंबर 1064 पर शिकायत मिली थी कि खनन कार्य से जुड़े लोगों से एक पुलिसकर्मी 65 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका कार्य पूरी तरह वैध होने के बावजूद पुलिसकर्मी खनन पटे से निकलने वाले वाहनों को रोकने, चालान करने और सीज करने की धमकी देकर रुपए मांग रहा था। शिकायत की जांच सही पाए जाने पर एसपी विजिलेंस के निर्देश पर ट्रैप टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आरक्षी दीपक सामंत को शिकायतकर्ता से 45 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपक सामंत पुत्र खुशाल सिंह निवासी विलहरी चकरपुर थाना खटीमा, ऊधमसिंह नगर वर्तमान में चौकी बेतालघाट थाना भवाली में तैनात था। एसपी विजिलेंस दीपशिखा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 95 वर्षीय बुजुर्ग न्याय के लिए भटकने को मजबूर

### भवन पर कब्जे और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप, अदालत से न्याय की उम्मीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इन्द्रजीत गार्डन निवासी 95 वर्षीय त्रिलोचन सिंह भसीन अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी जीवनभर की कमाई से निर्मित भवन को किराए पर लेने वाले परिवार ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपत्ति अपने नाम करा ली। त्रिलोचन सिंह भसीन के अनुसार, उन्होंने विश्वास के आधार पर अपना भवन एक परिवार को किराए पर दिया था। शुरुआत में किरायेदार नियमित रूप से किराया देता रहा, लेकिन बाद में उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए मुंबई जाना पड़ा। लंबे समय तक इलाज के दौरान किरायेदार ने कथित रूप से



फर्जी दस्तावेज तैयार कर पूरे भवन पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि भवन में बिना अनुमति के एक स्कूल भी संचालित किया जाने लगा। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद जब वह वापस लौटे और किराया मांगा तो पूरे मामले की जानकारी सामने आई। विरोध करने पर उन्हें धमकियां दिए जाने का भी आरोप लगाया गया। पीड़ित के अनुसार उनसे कहा गया कि अब बुढ़ापा हो गया है, आराम करो, यह बिल्डिंग हमारी है। मामले में आयुक्त दीपक रावत के संज्ञान लेने के बाद भवन में संचालित स्कूल के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्कूल को बंद कर भवन को सील कर दिया। हालांकि, त्रिलोचन सिंह भसीन का कहना है कि अभी तक उन्हें पूर्ण न्याय नहीं मिला है। उन्होंने मामले में न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और अब अदालत से न्याय मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। 95 वर्ष की उम्र में एक बुजुर्ग की यह पीड़ा न केवल विश्वासघात की कहानी बयां करती है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि आखिर कब तक वरिष्ठ नागरिकों को अपनी ही संपत्ति और अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

## काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठगोदाम।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल द्वारा काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण विषय पर विशेष नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन तथा हनव ज्योति नृत्य नाट्य संस्था, बरेली के सहयोग से संपन्न हुआ।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों, स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आमजन को कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग तथा प्लास्टिक अपशिष्ट




के उचित निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इज्जतनगर मंडल द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगामी दिनों में मंडल के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण के प्रति जागरूक किया जा सके। अभियान के अंतर्गत विभिन्न रेलवे परिसरों में पक्षियों के लिए मिट्टी के जलपात्र भी स्थापित किए गए। कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## स्वर संगम के दो युवा तबला वादकों को राष्ट्रीय युवा छात्रवृत्ति अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान हल्द्वानी के दो युवा एवं प्रतिभाशाली तबला वादकों हिमांशु जोशी और शुभम पोखरिया को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत सीसीआरटी (सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र) की



प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा छात्रवृत्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया है। दोनों कलाकार लखनऊ घराने के प्रसिद्ध तबला वादक एवं स्वर संगम संगीत संस्थान के आचार्य डा. मुकेश चंद्र पंत के शिष्य हैं। हिमांशु जोशी कुमाऊँ विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक प्राप्त कलाकार हैं। इसके अलावा उन्होंने 'क्लासिकल वॉयस ऑफ इंडिया' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं शुभम पोखरिया भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर चुके प्रतिभाशाली तबला वादक हैं। उल्लेखनीय है कि आचार्य डा. मुकेश चंद्र पंत को भी पूर्व वर्षों में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा जूनियर एवं सीनियर दोनों राष्ट्रीय फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनके मार्गदर्शन में कई युवा कलाकार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीसीआरटी राष्ट्रीय युवा छात्रवृत्ति अवार्ड से सम्मानित हिमांशु जोशी और शुभम पोखरिया ने हल्द्वानी सहित पूरे उत्तराखण्ड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

## शरबत से बुझाई राहगीरों की प्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देश की अग्रणी सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा गंगा दशहरा के पावन पर्व पर हल्द्वानी में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सेवा कार्य में सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका एवं मानव धर्म आश्रम की प्रबंधक जीविका बाई ने बताया कि गंगा दशहरा का पर्व मां गंगा के स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं, तभी से यह पर्व




गंगा दशहरा के रूप में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मानव धर्म आश्रम के द्वितीय गेट के समीप कमलुवागांजा रोड पर सुबह 10 बजे से शरबत वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों को शीतल शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम में विरक्ता बाई, डीएन भट्ट, ज्वाला दत्त पाठक, प्रेमचंद्र जोशी, अजय उप्रेती, ललित नेगी, अमर सिंह भदोरिया, घनश्याम रस्तोगी, राधे राम आर्य, भुवन चंद्र भट्ट, कृष्ण चंद्र उप्रेती, उमा भट्ट, प्रेमलता बिष्ट, सत्यवती कश्यप, श्वेता शर्मा, अंजलि नेगी, मीनू मिश्रा, जया नयाल आदि मौजूद रहे।

## कुमाऊं में गूंजेगा गीता ज्ञान का दिव्य प्रवाह

### गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज 26 से 28 मई तक हल्द्वानी, भीमताल, जागेश्वर और अल्मोड़ा में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड की सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलक. ामना के साथ सुप्रसिद्ध गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का कुमाऊं मंडल में 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय विशेष गीता सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान हल्द्वानी, भीमताल, पहाड़पानी, डोल आश्रम, जागेश्वर धाम, चितई गोल्ज्यू मंदिर और नंदा देवी मंदिर अल्मोड़ा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम होंगे।

यह बात योगाचार्य डा. बिपिन जोशी ने कही। सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए योगाचार्य डा. बिपिन जोशी ने कहा कि 26 मई को सुबह 8 बजे




उप कारागार हल्द्वानी में कैदियों के सुधार के लिए गीता ज्ञान कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद 10 बजे हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट के आवास पर गीता प्रवचन होगा। उन्होंने बताया कि 11 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में विशेष गीता सत्संग आयोजित किया जाएगा, जबकि 27 मई को सुबह 7 बजे भीमताल झील में सामूहिक गीता सत्संग होगा। इसके पश्चात 8 बजे भीमताल खुटानी में पद्मश्री यशोधर मठपाल के सम्मान समारोह एवं संग्रहालय अवलोकन कार्यक्रम में गीता मनीषी भाग लेंगे। इसके बाद सुंदर नगर धानाचूली, पहाड़पानी स्थित मां कल्याणपुर भगवती मंदिर के 14वें स्थापना दिवस पर विशेष गीता प्रवचन होगा। इसी अवसर पर स्वामी विवेकानंद योग ध्यान केंद्र का शुभारंभ भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज डोल आश्रम, जागेश्वर धाम, चितई गोल्ज्यू मंदिर और नंदा देवी मंदिर अल्मोड़ा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। पत्रकार वार्ता में श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास के सचिव रामजी अवस्थी, प्रवक्ता लता जोशी आदि मौजूद रहे।

## जल संस्थान कर्मचारियों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर श्रमिक संघ शाखा हल्द्वानी के कर्मचारियों ने जलसंस्थान कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर शीघ्र ही समस्या का समाधान ना करने पर आंदोलन की चेता. वनी दी। कर्मचारियों का आरोप है कि कई बार अधिशासी अभियन्ता को पत्रचार के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद आज तक श्रमिक हित में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने मांग की कि दस वर्ष से अधिक समय से कार्यरत श्रमिकों को कुशल श्रेणी में परिवर्तित किया जाए, जबकि पांच वर्ष से कार्य कर रहे श्रमिकों को अर्द्धकुशल श्रेणी में शामिल किया जाए। इसके अलावा कुशल श्रेणी के कर्मचारियों को अति कुशल श्रेणी में पदोन्नत करने की भी मांग उठाई गई। श्रमिकों ने श्रम विभाग द्वारा जारी नवीन न्यूनतम वेतन वृद्धि शासनादेश को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने, अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक के महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान करने तथा प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। धरने में कर्मचारियों ने



लाइनमैन जयन्त आर्या, दमुवाढूंगा के 17 माह से रुके वेतन के भुगतान तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के दो माह से लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र करने की भी मांग की। जल संस्थान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन करने वालो में मंडल संरक्षक गोविंद आर्या, मंडल पूर्व महामंत्री गिरीश चन्द्र पटवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सिंह, शाखा उपाध्यक्ष विजय चन्द्र सेन, श्याम सिंह बबियाड़ी, घनश्याम सिंह रावत, मोहन सिंह सम्मल, महेश चन्द्र, श्याम सिंह संभल, घनश्याम रावत, ओम प्रकाश, प्रवीण बिष्ट, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गरीबों का खून चूस रहे हैं स्मार्ट मीटर: ठुकराल

- संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम को घेरा
- जमकर हुई नोकझोंक, लोगों ने की नारेबाजी, हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सोमवार को संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। वार्ड के लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध के चलत काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। विरोध बढ़ने पर टीम को स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य बीच में ही रोकना पड़ा।

जानकारी के अनुसार सोमवार को विद्युत विभाग की टीम संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में पुराने बिजली मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। टीम द्वारा कुछ घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, तभी वार्ड के लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर माहौल गर्म हो गया और नारेबा. जी शुरू हो गई। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी कांग्रेस नेताओं और



समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। पूर्व विधायक के नेतृत्व में लोगों ने विद्युत विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का घेराव कर काम बंद कराने की मांग की। हंगामे के बीच काफी देर तक बहस और नोकझोंक का माहौल बना रहा। पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम आदमी के शोषण का माध्यम बनते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय बस्तियों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर इतने ही लाभकारी हैं तो सबसे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के घरों पर इन्हें लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पहले से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां लोगों को अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें मिल रही हैं।

ठुकराल ने कहा आम जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है और अब बिजली के बढ़े हुए बिलों से लोगों की परेशानी और बढ़ेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लोगों की इच्छा के विरुद्ध जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए तो कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी और आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के चलते विद्युत विभाग की टीम को काम रोककर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ बेहड़, विकास मल्लिक, रमेन विश्वास, रंजीत तिवारी, तरूण विश्वास, सुधांशु बढ़ाई, कृष्णपद राय, आसित बाला, गोपाल गोलदार, धनंजय समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में निकाली मशाल रैली



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रामनगर में एक विशाल मशाल रैली का आयोजन किया।इस रैली में युवाओं और छात्रों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला।

रैली का मुख्य नेतृत्व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी एवं विधानसभा अध्यक्ष विकास कुमार आर्य द्वारा किया गया। वहीं, रैली में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह भोजक ने रामनगर पहुंचकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।घ्मशाल रैली के दौरान केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैली को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि देश के लाखों होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में जो भी दोषी हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। यहां विशाल सिंह भोजक, सुमित लो. हनी, सचिन कुमार आर्य, अब्दुल रहमान, विकास कुमार आर्य, दीपक रावत आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए आदेश निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में जसपुर पुलिस द्वारा द्वारा एक वाद में माननीय न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील करते हुए तीन वारंटी अभियुक्त नादिल पुत्र दिलशेर निवासी रामनगर वन जसपुर, शमशेर पुत्र अब्दुल हमीद निवासी रामनगर वन दिलशाद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी रामनगर वन थाना जसपुर जिला उधम सिंह नगर जो कि काफी लंबे समय से माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे को गिरफ्तार किया गया। जिसे वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे, उप निरीक्षक गोविन्द सिंह, कां. सुभाष डूंगरियांल, विक्रम सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।



### शिवपुरी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम शिवपुरी में आयोजित एसपीएल-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह नामधारी एवं उत्तराखंड राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह नामधारी द्वारा किया गया।



टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष मनदीप सिंह नरवाल एवं बबलू नामधारी द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता एक सप्ताह तक चलेगी, जिसमें कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए मैदान में लाइट सहित बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। उद्घाटन मैच विजय रमपुरा और शुगर फैक्ट्री बाजपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर सरदार सुखदेव सिंह नामधारी एवं सरदार सुरेंद्र सिंह नामधारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### वीर शिरोमणि आल्हा की जयंती पर भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** वीर शिरोमणि आल्हा की जन्मजयंती के पावन अवसर पर बाजपुर में पहली बार यादव समाज द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वीर शिरोमणि आल्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में पहलवान सूरज यादव, समाजसेवी प्रेम सिंह यादव, चीनू यादव सहित अन्य यादव परिवारों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। वक्ताओं ने वीर शिरोमणि आल्हा जी के शौर्य, पराक्रम और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पंडित जितेंद्र शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, दिनेशपुर के प्रधान गगन रंधावा, सभासद मुकुंद शुक्ला, साबिर हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### खुले में कुरबानी नहीं की जाएगी बर्दाश्त: विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बकरा ईद से पूर्व रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा हिन्दू संगठन व भाजपा कार्यकताओं के संग त्रिशूल चौक स्थित एसएसपी आवास पहुंचे, जहां उन्होंने कप्तान अजय गणपति से की मुलाकात।

विधायक ने मुलाकात के दौरान कहा अगले दो दिन में रुद्रपुर क्षेत्र में बकरा ईद का त्यौहार है, जिसको लेकर उन्होंने एसएसपी को लिखित ज्ञापन के माध्यम से कहां बकरा ईद त्यौहार के नाम पर खुले में कुरबानी, सार्वजनिक स्थल पर कुरानी कर हिन्दुओं की भावनाओं को आहत करना किसी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। त्यौहार रजिस्ट्रेशन में दर्ज कुरबानी के निर्धारित जगह पर कानून व नियम का पालन के साथ कुरबानी हो उनके अवशेष सार्वजनिक व खुले मे फेके ना जाए। वर्तमान समय में बकरा ईद वाले दिन डायल 112 भी पूर्ण रूप से एक्टिव रहें जैसे हीं ऐसी कोई घटना की सूचना दी जाती है, तो उस पर तत्काल कार्यवाही की जाए। इस दौरान गो रक्षा दल जिला महामंत्री राधे सनातनी, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, पार्षद निमित शर्मा, सुनील यादव, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, राज कोली, सन्नी पासवान, सौरभ राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

### संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कांग्रेस कार्यालय रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य रामनगर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।




कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के जिला अध्यक्ष इंदर लाल आर्य ने बैठक को सम्बोधित किया और उन्होंने संगठन को मजबूत करने, संगठन का विस्तार और एकजुट होकर आगे बढ़ने की बात कही है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों की पार्टी है और सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का काम करे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और भाजपा सरकार का आने वाले विधानसभा चुनाव में सुपडा साफ हो जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा,देशबंधु रावत, अनिल अग्रवाल खुलासा, भुवन पांडे, नजाकत अली, विनय पड़लिया, चांद खान, बाली राम, ममता आर्य, ओमप्रकाश आर्यवंशी, महेश पांडे वीरेंद्र लटवाल,अनीश खान, कुबेर कड़ाकोटी, आफाक हुसैन, कमल नेगी, सुमित तिवारी, लीलाधर जोशी विक्रम भट्ट , मोहसिन खान, अनीश अहमद, धीरज उपाध्याय, आनंद कपकोठी, मनोज आदि मौजूद रहे।

### विद्युत समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम शक्तिनगर पुछड़ी गांव की प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के द्वारा बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से फौजी कालोनी शर्मा कालोनी पुछड़ी में बिजली बोल्टेज की कमी है और ट्रांसफार्मर बहुत छोटा है।जिससे ग्रामीणों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस समय गर्मी का मौसम है।प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी और ग्रामीणों ने उसकी जगह पर बड़ा ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द लगाने की मांग की है। वहीं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने गोविंद कार्की ने बताया कि ग्रामीणों की जरूरत और परेशानियों को देखते हुए जल्द ही बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

# महापौर जनता के द्वार शिविर में उमड़े लोग

- मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शहर के वार्डों और मलिन बस्तियों तक सरकारी योजनाओं और जनसमस्याओं के समाधान को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'महापौर जनता के द्वार' अभियान के तहत सोमवार को रम्पुरा स्थित चौरासी घंटा मंदिर परिसर में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड संख्या 21, 22, 23 और 24 के सैकड़ों लोग पहुंचे और विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ शिविर में उमड़नी शुरू हो गई थी और देर शाम तक लोग अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के समक्ष पहुंचते रहे।

शिविर में नगर निगम, बिजली विभाग, जल संस्थान, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, आयुष्मान योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, बिजली कनेक्शन, पेयजल और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कई लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि अन्य मामलों में



संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है।

यहां नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, राजू नबियाल, पार्षद पवन राणा, पार्षद चिराग कालरा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, राजू नबियाल, सहायक नगर आयुक्त रणदीप सिंह, मीना शर्मा, अंजलि कोली ,चंद्रसेन चंदा, सोनी कोली , गिरीश पाल, एमपी मौर्य, पवन राना, सौरभ गुप्ता, सोनू कोली , राजेश कोली , शुभम पाल, किशन कोली, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता गण एवं देवतुल्य जनता स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

# इफको ने आयोजित की किसान सभा

- उत्पादों का अपनी फसलों में आवश्यकतानुसार उपयोग करने को किया प्रेरित




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** इफको किसान सेवा केंद्र द्वारा इफको के नैनो उर्वरक व मृदा परीक्षण अभियान के तहत ग्राम खेलड़िया में एक किसान सभा का आयोजन किया गया। किसान सेवा केंद्र के प्रभारी संदीप कुमार तथा सेल्स मार्केटिंग ऑफिसर हरिराज सिंह द्वारा कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

किसान सभा में केंद्र प्रभारी संदीप कुमार ने इफको नैनो उर्वरक सहित इफको के विभिन्न उत्पादों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया। इसके साथ ही उन्होंने इफको द्वारा किसानों को दिए जाने वाले किसान दुर्घटना बीमा योजना के बारे में भी किसानों को अवगत कराया तथा दुर्घटना की स्थिति में इसका लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित इफको के विभिन्न उत्पादों का आवश्यकता अनुसार उपयोग कर भी बेहतर खेती कर सकते हैं। वर्तमान समय में यूरिया की कमी को देखते हुए उन्होंने किसानों को नैनो यूरिया का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया वहीं इफको की सह संस्था के सेल्स मार्केटिंग ऑफिसर हरिराज सिंह ने आगामी फसल धान व गन्ने की फसल में लगने वाले कीटों व उनकी पहचान, खरपतवार नाशक तथा फसलों की ग्रोथ में इस्तेमाल करने वाली दवाइयों संबंधित जानकारी दी। धान व गन्ने की नर्सरी तैयार करने की तकनीकी, कीटनाशक, खरपतवार नाशक व ग्रोथ से संबंधित दवाइयों के उचित उपयोग व मात्रा तथा उचित समय के बारे में जानकारी देकर अच्छा उत्पादन प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों के सुझाव भी लिए तथा कृषि से संबंधित उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। यहां शंकर दत्त जोशी, गोरख नाथ, सूरज चंद, अवधेश प्रसाद, हरीश चंद्र, राम अवध, लालता प्रसाद, सुनील कुमार, विनय कुमार, रवि कुमार, संगीता देवी तथा विद्यावती सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया अठोरी वासना ढलिया पूजन का पर्व



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बुक्सा समाज द्वारा अठोरी वासना ढलिया पूजन का त्योहार क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कल्याणपुरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

कार्यक्रम के दौरान मुखिया किशन सिंह ने देवस्थान में बने भीमसेन, माता बाल सुंदरी, तीसमारका, बिज्जू शिकारी और खुजली देवी सहित विभिन्न मठों में गांव के प्रत्येक घर से बने पकवानों जैसे पूरी, हलवा, खजरा, पुआ और बताशे का भोग लगाया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख किशोरी देवी ने भी अपने परिवार के साथ देवस्थल पर माथा टेककर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। समाजसेवी जीत सिंह ने बताया कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार को यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन गांव के सभी घरों में बने प्रसाद को मुखिया द्वारा देवस्थानों के मठों में चढ़ाया जाता है तथा गांव की खुशहाली और कुशलता की प्रार्थना की जाती है। उन्होंने कहा कि प्राचीन मान्यताओं के अनुसार ये देवस्थान लोगों को दैवीय आपदाओं से बचाने का कार्य करते रहे हैं।

इस अवसर पर शंकर सिंह, मदन सिंह, चंदू सिंह, उत्तम सिंह, दान सिंह, राजू सिंह, सावित्री देवी, गंगा देवी, इमरतों देवी, दुलारी देवी, नन्ही देवी, रजविंदर, हर्षिका, मीरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा खतौली, मजरा पच्चू, बेरिया दौलत, शिवपुरी सहित दर्जनों गांवों में भी अठोरी वासना ढलिया पूजन का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

# खम्बारी में बहुद्देशीय शिविर आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** राष्ट्रव्यापी अभियान "जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले" के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्बारी स्थित राजा जगतदेव बहुद्देशीय भवन में बहुद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा ने की।

शिविर में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, मत्स्य, स्वास्थ्य, बाल विकास, श्रम, जल निगम, कृषि, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पशुपालन, समाज कल्याण, सहकारिता, राजस्व, डेयरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम के अंतर्गत सात लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, जबकि पशुपालन विभाग ने छह लाभार्थियों को दवा वितरित की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 35 लाभार्थियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, पांच लोगों की टीबी स्क्रीनिंग तथा आठ गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच कर कैल्शियम वितरण किया गया। होम्योपैथिक विभाग ने 15 तथा आयुष विभाग ने 10 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। राजस्व विभाग द्वारा शिविर में ही 10 आय प्रमाण पत्र, 15 जाति प्रमाण पत्र तथा 10 स्थायी प्रमाण पत्र जारी किए गए।

कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी बाजपुर शेखर जोशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजेश कुमार, कन्नू जोशी, ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी, माया देवी, कोमल रानी, अनुसूचित जनजा. ति मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सहित विभिन्न जनप्रति. निधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासियों के लिए संघर्षरत रही है

- ग्राम नौगवांठग्गू में आयोजित आदिवासी संवाद कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नौगवां ठग्गू में आयोजित आदिवासी संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक झाबुआ मध्य प्रदेश डा. विक्रांत भूरिया एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल का लोगों ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान समाज की समस्याओं, प्राथमिकताओं, अधिकारों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक झाबुआ मध्य प्रदेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आदिवासी समाज में राजनीतिक ही नहीं बल्कि सामा. जिक एवं भावात्मक नाता रहा है। उन्होंने कहा कि जब आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और अस्तित्व पर संकट आया। कांग्रेस पार्टी ने मजबूती के साथ खड़े होकर आगे का मार्ग तय किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस गरीब आदिवासी अनुसूचित एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी गई और संघर्ष को एक मुकाम तक पहुंचाया। कार्यक्रम में नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक नारायण सिंह राणा, पूर्व विधायक चंपावत हेमेश खर्कवाल, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस प्रभारी बंशीलाल मीणा, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, अशोक राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोनी राणा, ग्राम प्रधान नोगवांठग्गू राखी राणा, गौरव राणा सहित संगठन जुड़े कई पदाधिकारी कार्यकर्ता की संख्या में जनजाति महिलाओं व युवाओं ने प्रतिभागी किया।

## भ्रष्टाचार, अत्याचार का एक ही इलाज है परिवर्तन: गोदियाल

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में पत्रकारों के रूबरू हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि वह थारु जनजाति क्षेत्र में संदेश देने आए हैं कि कांग्रेस पार्टी स्वतंत्रता के पूर्व से ही अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए लड़ते आ रही है। संविधान के माध्यम से कैसे जनजातियों की सुरक्षा हो इसका बखूबी प्रयास किया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। पूंजीपतियों के एक लाख करोड़, 2 लाख करोड़ तक के ऋण माफ किए जाते हैं जबकि गरीब महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। आजादी के बाद से कांग्रेस शासन में रुपए 62 तक था लेकिन भाजपा शासन में डॉलर के मुकाबले रुपए काफी गिर चुका है। आम आदमी अब 5, 10 तोला सोना खरीद नहीं सकता है। सरकार किसान मजबूर छात्र विरोध बन चुकी है। सरकार अपराधियों को सजा दिलाने हेतु साक्षी जुटाती है लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने साक्ष मिटाकर अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने भ्रष्टाचारी, व्यभिचारी एवं अत्याचारी सरकार को हटाने की अपील की है।

# भगत सिंह चौक पर लगेगा भव्य तिरंगा



- भाजपा नेता राजेश कुमार ने किया स्थल निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में भाजपा नेता राज. `श कुमार ने बुधवार को भगत सिंह चौक पर प्रस्तावित भव्य राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) स्थापना के लिए स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं तहसीलदार के साथ संयुक्त निरीक्षण कर विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान तिरंगे की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में पहले ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा सांसद अजय भट्ट से वार्ता की जा चुकी है। उनके मार्गदर्शन में जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी जय किशन से भी चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र ही जिला विकास प्राधिकरण को भेजा जाएगा। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद भगत सिंह चौक पर विशाल एवं भव्य राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया जाएगा, जो राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और बाजपुर की पहचान का प्रतीक बनेगा। राजेश कुमार ने कहा कि यह केवल तिरंगा स्थापना का कार्य नहीं, बल्कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का प्रयास है।

# समस्याओं को लेकर लोकसभा सांसद बलूनी को सौंपा ज्ञापन

- सांसद ने कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर पहुंचे लोकसभा सांसद अनिल बलूनी से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भेंट करके उनके ध्यान आकर्षण के लिए रामनगर से जुड़ी विभिन्न मांगों से सम्बन्धित एक पत्र दिया, जिसमें रामनगर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, रेलवे स्टेशन पर दो प्लेटफार्म के बीच फुट ओवर ब्रिज की स्थापना, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम से मुक्ति के लिए एलिवेटेड बाईपास रोड, रामनगर से रानीखेत, रामनगर से पौड़ी हाईवे को टू लेन विस्तारित करने, रामनगर में एक राष्ट्रीय महत्व का केंद्रीय शिक्षण संस्थान खोलने और रोडवेज बस पोर्ट का कार्य शीघ्र समाप्त करवाने जैसे बिंदु शामिल हैं। सांसद अनिल बलूनी द्वारा सभी पर विचार करके संबंधित मंत्रालयों से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।



पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-108/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-23-5-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-09 क्रमांक 378 पर श्रीमती कृष्णा रानी पत्नी श्री ओम प्रकाश का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 425 रू0 वार्षिक है। उपहार विलेख के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री अनुज तनेजा पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वार्ड नं. 09, पंजाबी कालोनी, गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिए अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल के ग्रह नगर महुआ डाबरा उनके आवास पर पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती लीलावती जी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

विदित हो कि काशीपुर से भाजपा के जिलाध्यक्ष मना. जपाल की माता का माह मार्च 2026 में स्वर्गवास हो गया था।इसी संबंध में सोमवार के रोज पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चरणजीत सिंह भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश पाल, भाजपा के नगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष शरीफ खान, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिम अली,सरपंच शमीम दूधिया,तस्लीम प्रधान,प्रिंस पाल, सुंटी चौहान समेत दर्जनों क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# समय पर पूरा करें गौसदन का निर्माण: अणथ्वाल

## जनपद में गौवंश संरक्षण एवं गौसदन निर्माण को लेकर व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद में निराश्रित गौवंश के संरक्षण, गौसदनों की व्यवस्थाओं तथा गोवंश सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखण्ड गौसेवा आयोग, देहरादून के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र अणथ्वाल एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में जनपद में संचालित गौसदनों की वर्तमान स्थिति, उनकी क्षमता, शरणागत गोवंश की संख्या तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जारी राजकीय अनुदान की समीक्षा की गई। बताया गया कि जनपद में उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड अंतर्गत पंजीकृत दो गौसदनों श्री कृष्णा गौ सेवा धाम बड़ावे, मूनाकोट एवं मां नन्दा देवी गौसेवा संरक्षण केन्द्र, पापड़ी मुनस्यारी में कुल 230 गोवंश रखने की क्षमता है, जिनमें वर्तमान में 173 गोवंश आश्रित हैं। इन गौसदनों के भरण-पोषण हेतु कुल 45.16 लाख से अधिक की अनुदान राशि निर्गत की गई है।

इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा संचालित धारचूला (बलुवाकोट) एवं डीडीहाट (आदिचौरा) गौशालाओं की भी समीक्षा की गई, जिनकी संयुक्त क्षमता 250 गोवंश की है तथा वर्तमान में वहां 179 निराश्रित गोवंश संरक्षित किए जा रहे हैं। बैठक में ग्राम्य गौसेवक गौसदन योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। वर्तमान में जनपद में सात ग्राम्य गौसेवक पंजीकृत होकर कार्यरत हैं, जिन्हें वर्ष 2025-26 में 5.06 लाख से अधिक का भुगतान किया गया है। साथ ही विभिन्न विकासखण्डों से प्राप्त नवीन आवेदनों एवं बीएलसी द्वारा चयनित ग्राम्य गौसेवकों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गौसदनों में आ रही समस्याओं, चारे की उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं तथा निराश्रित गौवंश के बेहतर संरक्षण हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गौवंश संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# बालगीतों की गूंज से महका विद्यालय

- नन्हे कलाकारों का हुआ सम्मान
- बालगीत बच्चों ने गाए, सबके मन के मोर नचाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** स्थानीय पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित 'बालगीत दिवस' सम्मान समारोह बच्चों की प्रतिभा, साहित्य और संस्कृति का रंगारंग उत्सव बन गया। कार्यक्रम में बालगीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि विद्यालय परिसर तालियों और मुस्कानों से गूंज उठा। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में बालगीत दिवस के संस्थापक रावेंद्र कुमार 'रवि' मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय संयोजक युवा बाल साहित्यकार नूरेनिशाँ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विनीता जोशी ने की।

मुख्य अतिथि रावेंद्र कुमार 'रवि' ने कहा कि बालगीत बच्चों को मोबाइल की लत से दूर कर साहित्य, संगीत और संस्कारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि बालगीत बच्चों में आत्मविश्वास, भाषा कौशल और रचनात्मक सोच विकसित करते हैं। वहीं नूरेनिशाँ ने बच्चों को बाल साहित्य से जुड़ने और अपनी प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 की लक्ष्मी और कक्षा 6 की आरुषि को विशिष्ट प्रस्तुति सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा कविता शुक्ला, साक्षी, नूतन, पूजा कुमारी, गरिमा लोहानी, निधि, पूर्वी आर्या और सुकृति को भी उनकी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिक्षिकाओं और आयोजकों को भी विशेष सम्मान दिए गए। बिंदु चंद को बालगीत प्रेरक आयोजक सम्मान, डॉ. नीलम पांडेय को प्रेरक संयोजक सम्मान तथा रेखा पाल और विमला खड़ायत को निर्णायक सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब रहा जब रावेंद्र कुमार 'रवि' ने अपना लोकप्रिय बालगीत सुनाया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. नीलम पांडेय ने किया, जबकि आयोजक बिंदु चंद ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# जनता की समस्याओं को हल करना सरकार की पहली प्राथमिकता: फरजाना बेगम

- मनिहारगोठ में राज्य अल्पसंख्यक आयोग का बहुउद्देशीय शिविर आयोजित
- मंत्री फरजाना बेगम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में राज्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तराखंड सरकार द्वारा लोक समस्या निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखीं। शिविर के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अपने संबोधन में फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचा. लित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के लोक समस्या निवारण शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरक. ारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सचिव जगदीश सिंह रावत, आयोग सदस्य नफीस अहमद, शकील मंसूरी, शमा परवीन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा चम्पावत जिलाध्यक्ष मुवश्शिर अली उर्फ गोलू,शादाब अंसारी, अमजद हुसैन, रिजवान हुसैन, नसीम हुसैन,समीर अहमद, नजीर हुसैन, शहाना खातून, सदर कदीर हुसैन, सफीकुर्रहमान, दिलदार अली, हसीब अहमद सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एनएच चौड़ीकरण के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग




- बाईपास निर्माण की उठी जोरदार मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण के विरोध में मंगलवार को टनकपुर तहसील परिसर में सैकड़ों प्रभावित परिवारों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए आबादी क्षेत्र से बाहर बाईपास निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया।

टनकपुर-बनबसा बाईपास बनाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में पहुंचे प्रभावितों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रस्तावित चौड़ीकरण से बड़ी संख्या में आवासीय भवन, व्यापारिक प्रतिष्ठान, विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाएं प्रभावित होंगी। इससे हजारों लोगों के सामने विस्थापन और आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को अवगत कराया कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में चौड़ीकरण किए जाने से सामाजिक और आर्थिक नुकसान व्यापक स्तर पर होगा। समिति ने मांग की कि नगर एवं रिहायशी क्षेत्रों को बचाते हुए आबादी से बाहर उपयुक्त स्थान पर बाईपास का निर्माण कराया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था भी बेहतर हो और स्थानीय लोगों के हित भी सुरक्षित रह सकें। संघर्ष समिति ने आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी प्रभावित परिवारों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित की इस लड़ाई को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आगे भी जारी रखा जाएगा।

# जामा मस्जिद मनिहारगोठ के सौंदर्यीकरण हेतु 42.50 लाख की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ स्थित जामा मस्जिद के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री) को ज्ञापन सौंपकर 42 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने की मांग की है।



ज्ञापन में मस्जिद में प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया गया है। इनमें 20 केवी सोलर सिस्टम स्थापना, 13 एसी लगाना, सीढ़ियों में टाइल एवं रेलिंग कार्य, मस्जिद के प्रथम तल को टफन ग्लास से बंद करना, दोनों मंजिलों में नई सफें बिछाना तथा रंगाई-पुताई कराना शामिल है। इसके अलावा मदरसे के प्रथम तल में टाइल लगाने, दोनों वजूखानों की रंगाई-पुताई, मस्जिद को आकाशीय बिजली से सुरक्षित रखने हेतु तड़ित चालक सिस्टम लगाने एवं मस्जिद के सेहन (आंगन) में सनरूफ-टॉप सिस्टम निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया है। साथ ही मस्जिद के मुख्य तोरणद्वार (मेन गेट) के निर्माण कार्य को भी योजना में शामिल किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कार्यों के पूर्ण होने से मस्जिद का सौंदर्यीकरण होने के साथ-साथ क्षेत्रवासियों एवं नमाजियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भी प्रेषित की गई है। इस दौरान जामा मस्जिद कमेटी मनिहारगोठ एवं क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने हस्ताक्षर कर मांग का समर्थन किया।

# बिजली विभाग के लाइनमैन देवेंद्र हत्याकांड की बसपा ने आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल ने ग्राम बेलपडाव क्षेत्र में हुए बिजली विभाग के लाइनमैन देवेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू हत्याकाण्ड पर परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार न्याय दिलाये जाने का आश्वासन दिया। बसपा नेता आरबी लाल चोधरी ने बताया कि के घर पर विद्युत वितरण खण्ड बेलपडाव मे कार्यरत कर्मचारी देवेन्द्र कुमार को 21 मई को विद्युत विभाग के जुनियर इंजिनियर, ठेकेदार सहित अन्य लोगों ने उनकी हत्या कर दी। जबकि मृतक के दादा ने बेलपडाब में हाइवे पर डेढ़ एकड़ जमीन विधुत विभाग को दान दी है और विभाग में महज परिवार के एक सदस्य को ही लाइनमैन की नोकरी दी थी जिसकी अब हत्या कर दी गयी है। बसपाइयों ने रामनगर के पुलिस प्रशासन से भी हत्यारो को कड़ी से कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग की है। इस दौरान शिष्टमंडल में बहुब्जन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बीआर धोनी, महासचिव हरीश कियोनी, जिला अध्यक्ष शिव गणेश, लोकसभा प्रभारी प्रभारी डॉ आरवी लाल चोधरी, विधान सभा अध्यक्ष महेश शिल्पकार, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दयाल राम, पूर्व विधानसभा महासचिव सगीरुद्दीन, विनोद अन्जान, विनोद बोध, प्रेम कुमार, लक्षीराम आदि मौजूद रहे।

# भजन-कीर्तन से गूंजेगा नशा मुक्त चम्पावत का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में जनपद चम्पावत में "नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त देवभूमि" अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार अभिनव पहल कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को "माननीय मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल ख् कला, परंपरा और पहचान" कार्यक्रम के अंतर्गत चम्पावत स्थित हनुमान मंदिर में महिला भजन मंडली को संस्कृति संवर्धन किट भेंट की गई। यह पहल केवल लोक संस्कृति के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने और युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रभावी माध्यम भी बन रही है। कार्यक्रम के जरिए लोक संस्कृति, भजन-कीर्तन, पारंपरिक कला और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देते हुए जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला भजन मंडली की महिलाओं ने वाजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# जनता दरबार में गूंजा आमजन का भरोसा

- डीएम मनीष कुमार ने 106 शिकायतों पर दिखाई सख्ती और संवेदनशीलता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान को लेकर जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार एक बार फिर बेहद सक्रिय और संवे. दनशील नजर आए। जिला सभागार में आयोजित "जनता मिलन कार्यक्रम" में जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर डीएम ने गंभीरता दिखाते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया और शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कुल 106 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी का फोकस सिर्फ शिकायत सुनने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने हर मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की।

गोली क्षेत्र से आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल समस्या की शिकायत सामने आने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता जांचने और विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कोठेरा, बाराकोट निवासी पार्वती रावत ने अपने दिव्यांग पुत्र शिवांक के उपचार और आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिला अस्पताल स्थित डीडीआरसी में तत्काल थेरेपी सेशन शुरू कराने, बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा शिवांक की शिक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जैगांव-जैतौली निवासी धर्मानंद द्वारा पीएमजीएसवाई के अंतर्गत मुआवजा न मिलने की शिकायत पर डीएम ने अधिशासी अभियंता को उसी दिन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं खड़ी बाजार निवासी अनिता सार्की की विवाह पंजीकरण संबंधी समस्या का समाधान करते हुए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को यूसीसी के तहत पंजीकरण कराने को कहा गया।

हाल ही में हुई ओलावृष्टि से बागानों को नुकसान झेल रहे ढरोज निवासी प्रकाश चंद्र की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी और मुख्य कृषि अधिकारी को उपजिलाधिकारी के साथ संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र क्षति आकलन एवं मुआवजा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

दयुरी निवासी नारायण सिंह द्वारा कान की मशीन की मांग रखने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया।

वहीं बारसी और बढ़पास क्षेत्र के ग्राम प्रधानों द्वारा हैंडपंप स्थापना की मांग पर जल संस्थान और विकास विभाग को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पेयजल समस्या, विद्युत कनेक्शन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नाली निर्माण, मलबा प्रबंधन तथा फसलों को जंगली जानवरों से बचाने जैसे मुद्दों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम किसकोट निवासी बलदेव सिंह द्वारा पोल्ट्री व्यवसाय के विपणन में आ रही परेशानियों को उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने नगर के थोक विक्रेताओं और आईटीबीपी के साथ समन्वय बनाकर बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जनता मिलन कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने साफ कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम में सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मोर्ि. हत मल्ली, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## एक नजर

# कुमाऊं मीडिया सेंटर निर्माण पर खुशी की लहर

**पत्रकार एवं समाजसेवी गोविन्द(गोपू) महर ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कुमाऊं के छह जनपदों के पत्रकारों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हल्द्वानी में अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 6 करोड़ 75 लाख 88 हजार की लागत से बनने वाले इस तीन मंजिला मीडिया सेंटर का शिलान्यास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हल्द्वानी में किया गया।

इस अवसर पर पिथौरागढ़ के समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता गोविन्द (गोपू) महर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पिथौरागढ़ के पत्रकारों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने मुख्यमंत्री से पिथौरागढ़ जनपद में भी एक आधुनिक मीडिया सेंटर स्थापित किए जाने का अनुरोध किया है, ताकि सीमांत क्षेत्र के पत्रकारों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। पत्रकार बंधुओं ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में भी मीडिया सेंटर निर्माण की मांग को आवश्यक बताया।

# गंगा दशहरे के अवसर पर पिलाया मीठा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गंगा दशहरा के पावन पर्व एवं निर्माण आश्रम कुटिया के महंत हरि गिरि महाराज व सेवक डब्बू मनरालघ की याद में आम लोगों को मीठा शरबत पिलाकर निर्माण आश्रम कुटिया के श्रद्धालुओं ने जन सेवा की। टनकपुर रोड पुराने बस स्टैंड के समीप लोगों ने गर्मी बढ़ने के साथ ही मीठा शरबत पिलाकर आम लोगों की प्यास बुझाई कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए सचिन रस्तोगी , राज किशोर सक्सेना, कामिल खान प्रशासक, रमाशंकर , पप्पू कटिहार, लाल हाथरसी, राहुल,, शंकर , राजेंद्र आदि सम्मिलित रहे।




# वन विभाग की टीम का छापा, छह लाख की खैर लकड़ी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वन विभाग की टीम ने ग्राम धंसारा में खेतों के बीच स्थित एक गोदाम पर मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद हुई। विभाग के अनुसार बरामद लकड़ी की कीमत करीब 6 लाख रुपये आंकी गई है। बताया जा रहा है कि गोदाम से लगभग 100 कुंतल खैर की लकड़ी बरामद की गई। वन विभाग ने लकड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी में गोदाम स्वामी का नाम हितेश भटनागर सामने आया है। विभागीय अधिकारी मामले की जांच कर लकड़ी से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं।

# दुकान स्वामी ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर फल विक्रेता के मिले पैसे वापस किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** काउंटर पर बैठकर खाना खाने वाले फल विक्रेता के धोखे से 2000 बिजली की दुकान के में रखे रह गए जिसे दुकान स्वामी ने वापस कर ईमानदारी की मिसाल यथार्थ कर दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ईमानदारी की एक मिसाल फिर यथार्थ हो गई जिसमें एक फल विक्रेता के खाना खाते समय दुकान के काउंटर पर घ्2000 रखे रह गए उस समय दुकान स्वामी कही गए हुए थे। दुकान स्वामी ने रुपये पड़े देखकर अपने पास रख लिए फल विक्रेता पैसे ढूंढते हुए उनके पास आया तो उन्होंने घ्2000 वापस कर दिए। जिसके लिए फल विक्रेता ने दुकान स्वामी का शुक्रिया अदा किया। दुकान स्वामी सुनील कुमार पुत्र जगदीश जसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कासमपुर निवासी हैं उनकी इस कृत्य की आसपास के लोगों में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है।

# पूर्व विधायक ने किया सिंह मार्शल आर्ट अकादमी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल ने सिंह मार्शल आर्ट अकैडमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने मार्शल आर्ट में अच्छा कार्य करने वाले तीन छात्रों विराट, शिवम और आरव को मेडल और सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया शेष बचे बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। अपने संबोधन में डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल ने बताया कि बच्चों को कंपटीशन की तैयारी के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी ध्यान रखना बहुत आवश्यक है जब फिटनेस अच्छी रहती है तो बच्चा नशे और गलत कार्यों से दूर रहता है उन्होंने संस्था में पढ़ने वाले बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर सिंह अकादमी के कोच नरेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी समय में एकेडमी के यह तीनों बच्चे जम्मू और कश्मीर में होने वाले नेशनल कंपटीशन में भाग लेंगे इसके लिए उनके द्वारा बच्चों को बेहतर ढंग से तैयारी कराई जा रही है।



# गोल्ज्यू महोत्सव के बाद युवाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जहां एक ओर बड़े आयोजनों के बाद सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी छोड़ दी जाती है, वहीं चम्पावत के युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया।

जिला मुख्यालय स्थित गौरलचौड़ मैदान में "संकल्प क्लीन चंपावत" और कौशल दीप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मैदान में फैली गंदगी को साफ किया। हाल ही में आयोजित गोल्ज्यू महोत्सव के बाद मैदान में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्ट फैला हुआ था।

इसे देखते हुए युवाओं ने स्वयं आगे आकर सफाई अभियान शुरू किया और पूरे मैदान को साफ-सुथरा बनाने में जुट गए। अभियान के दौरान युवाओं ने न केवल कूड़ा एकत्रित किया, बल्कि लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश भी दिया। स्वच्छता अभियान में भूपेन्द्र सिंह महर, विजय सिंह, नैतिक जोशी, दिया जोशी, अनुश्री जोशी, पीयूष तिवारी, विवेक पुजारी, हर्षित मुरारी, हिमांशु तिवारी और शैलेश कुमार समेत कई युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# हाई कोर्ट में खारिज हुई सरकार की विशेष अपील

## 28 साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहा है मृतक आश्रित, एकलपीठ के आदेश को सही ठहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने मृत आश्रित कोटे से सीजनल अमीन के पुत्र को सरकारी विभाग में नौकरी दिलाये जाने के खिलाफ दायर सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सरकार की विशेष अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि एकलपीठ का आदेश सही था।



इसमें हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि यह कानून का दुरुपयोग है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि मृतक का पुत्र को उसकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार इस विभाग में नौकरी दी जाय। इस आदेश के खिलाफ सरकार ने डेढ़ साल बाद विशेष अपील दायर की। मामले के अनुसार वर्ष 1998 में सीजनल कलेक्शन अमीन भगवान सिंह विष्ट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा एक रिट याचिका उच्च न्यायालय इलाहाबाद दायर की गयी थी। उच्च न्यायालय ने उसे स्वीकार करते हुए उनके विनियमितीकरण के आदेश दिए थे। इस आदेश को राज्य सरकार की ओर से विशेष अपील के माध्यम से चुनौती दी गई थी, लेकिन वर्ष 2009 में सरकार की विशेष अपील भी खारिज हो गई। इसके बाद सीजनल कलेक्शन अमीनों की विनियमितीकरण की प्रक्रिया आगे प्रारम्भ हो गयी।

हालांकि विनियमितीकरण आदेश जारी होने से पूर्व भगवान सिंह बिष्ट का निधन हो गया। इसके बाद उनके पुत्र घनश्याम सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करते हुए मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति की मांग की। याचिका में उन्होंने स्वयं को स्नातकोत्तर शिक्षित बताते हुए अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नियुक्ति दिए जाने की प्रार्थना की। यह भी कहा कि उनके पिता सीजनल कलेक्शन अमीन जिला कार्यलय नैनीताल में कार्यरत थे। मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने घनश्याम सिंह की याचिका स्वीकार कर राज्य सरकार को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। एकलपीठ के इस आदेश को राज्य सरकार की ओर से विलंब के साथ विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई।

मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सरकार से कहा कि यह अपील उचित प्रतीत नहीं होती और एकलपीठ का आदेश सही है। इस पर राज्य सरकार की ओर से समय मांगा गया था। बताया गया कि जिलाधिकारी नैनीताल ने इस विशेष अपील को वापस लेने के निर्देश भी जारी किए थे। हालांकि सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि मामले में एकलपीठ के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। अंततः न्यायालय ने राज्य सरकार की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और विशेष अपील को निरस्त कर दिया।

### दिव्यांग श्रेणी के दो अभ्यर्थियों की विशेष अपील भी खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड संयुक्त राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा-2023 से जुड़े एक मामले में दिव्यांग श्रेणी के दो अभ्यर्थियों की विशेष अपील खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हकारी अंक पूरी तरह वैध हैं और चयन प्रक्रिया में कोई अवैध परिवर्तन नहीं किया गया। मामले के अनुसार उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा-2023 में अपीलकर्ताओं शिवानी सैनी एवं अन्य ने अदालत में दावा किया था कि परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोग ने 11 मार्च 2024 को दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम कट-ऑफ अंक लागू कर चयन प्रक्रिया के नियम बदल दिए, जिससे उनके साथ अन्याय हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जाने के बाद अंतिम चयन सूची से बाहर करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से बताया गया कि न्यूनतम अर्हकारी अंक पहली बार लागू नहीं किए गए थे, बल्कि यह व्यवस्था पहले से ही 2012 एवं 2022 की विनियमावली में मौजूद थी। आयोग ने स्पष्ट किया कि 11 मार्च 2024 के संशोधन द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कट-आफ को और कम किया गया था, जिससे उन्हें लाभ मिला। आयोग के अनुसार, सामान्य श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत तथा ओबीसी श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 40 प्रतिशत अंक आवश्यक थे। अदालत ने रिकॉर्ड का परीक्षण करते हुए पाया कि अपीलकर्ता निर्धारित न्यूनतम अंकों से काफी नीचे थे। प्रथम अपीलकर्ता को कुल 12.17 प्रतिशत तथा दूसरे अपीलकर्ता को केवल 9.72 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। न्यायालय ने कहा कि दस्तावेज सत्यापन हेतु नाम शामिल होना अंतिम चयन का अधिकार नहीं देता और यह केवल भर्ती प्रक्रिया का एक अंतरिम चरण होता है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि 'रूल्स ऑफ द गेम' बदलने का सिद्धांत तभी लागू होगा जब उम्मीदवारों को वास्तविक नुकसान पहुँचा हो। यहां आयोग द्वारा किया गया संशोधन अभ्यर्थियों के हित में था, क्योंकि इससे कट-ऑफ कम किए गए थे। न्यायालय ने यह भी माना कि भर्ती विज्ञापन के परिशिष्ट-4 में पहले से ही न्यूनतम अर्हकारी अंकों का स्पष्ट उल्लेख था और यह विनियमावली-2022 के अनुरूप था। इन्हीं तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए विशेष अपील को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि आयोग ने वैधानिक नियमों के अनुरूप कार्य किया है और अपीलकर्ताओं को अंतिम चयन सूची में शामिल न करना पूरी तरह उचित था। साथ ही लंबित सभी प्रार्थना पत्र भी निस्तारित कर दिए गए।

### कैदियों की रिहाई क्यों नहीं की जा रही है ? बताए सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने प्रदेश की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी रिहा न करने के मामले में स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई कैदियों की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है जिन कैदियों द्वारा रिहा करने के लिए याचिकाएं दायर की हैं उन्हें क्यों नहीं छोड़ा जा रहा है। इस बारे में कोर्ट को दो सप्ताह के अंदर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है। सोमवार को सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर कई कैदियों को जेल प्रशासन ने रिहा कर दिया है जबकि कई संगीन अपराध में लिप्त अपराधियों को नही छोड़ा गया और कुछ अपराधी ऐसे हैं जिनको छोड़ने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी आवश्यक है। वहीं कैदियों की तरफ से कहा गया कि उनकी सजा पहले ही पूरी हो चुकी है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश होने के बाद भी उन्हें जेल से रिहा नहीं किया जा रहा है। यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। उनके द्वारा कई बार उन्हें रिहा करने को लेकर जेल प्रशासन को पत्र भी दिए गए लेकिन उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह उनके संविधानिक अधिकारों का भी हनन है।

### खुले में कुर्बानी पर रोक लगाने के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल।** आगामी बकरा ईद के अवसर पर खुले स्थानों में होने वाली कुर्बानी और उससे फैलने वाले प्रदूषण को लेकर नैनीताल भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि ज्ञापन में नैनीताल झील की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगर की धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए खुले स्थानों एवं नालों के समीप कुर्बानी पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय की ओर से पूर्व में नयना देवी मंदिर क्षेत्र एवं नगर की संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पशुबलि संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वहीं नंदा देवी महोत्सव के दौरान प्रशासन सार्वजनिक स्थानों पर बलि प्रतिबंधित कर केवल निर्धारित वधशाला में ही इसकी अनुमति सुनिश्चित करता है। विगत वर्षों में बकरा ईद के दौरान कई स्थानों पर खुले में कुर्बानी किए जाने से रक्त और अन्य अवशेष नालों के माध्यम से नैनीताल झील तक पहुंचते रहे हैं, जिससे झील का जल प्रदूषित होता है और जन स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि एक धार्मिक आयोजन के दौरान प्रशासन प्रतिबंध लागू कर सकता है तो समान रूप से अन्य अवसरों पर भी वही नियम लागू किए जाने चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि खुले स्थानों, सार्वजनिक मार्गों और नालों के समीप कुर्बानी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा यह प्रक्रिया केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित वैध वधशालाओं में ही कराई जाए। इसके अलावा नगर में बड़े सूचना बोर्ड लगाने, झील एवं नालों को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने तथा नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त निगरानी टीम गठित करने की मांग भी उठाई गई है।

## एक नजर

### रेस ड्राइविंग करना युवक को महंगा पड़ गया

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल मे पर्यटन सीजन के दौरान नगर में बढ़ती भीड़ के बीच तेज रफ्तार और रेस ड्राइविंग करना एक युवक को महंगा पड़ गया। मल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही के बीच युवक बाइक को तेज गति से दौड़ाकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालरोड क्षेत्र में युवक बाइक संख्या यूके 04 जैड 3669 को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। उस समय सड़क पर बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग मौजूद थे, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने युवक को रोककर वाहन के दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। जांच के दौरान युवक के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस मिला और न ही बाइक के आवश्यक कागजात। इसके बाद पुलिस ने बाइक की चाबी अपने कब्जे में ले ली। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि रेस ड्राइविंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर तल्लीताल धोबीघाट निवासी अमित सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन में लापरवाही से वाहन चलाकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की जान खतरे में डालने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### नशे में हंगामा काटने पर युवक का चालान

**नैनीताल।** नगर के पॉपुलर कंपाउंड क्षेत्र में देर रात शराब के नशे में एक युवक द्वारा हंगामा किए जाने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई, जहां उसके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खन्स्यु निवासी युवक अपने चाचा के घर पॉपुलर कंपाउंड क्षेत्र आया हुआ था। इसी दौरान पड़ोस में चल रहे विवाद को शांत कराने के लिए वह बीच-बचाव करने पहुंचा। लेकिन कहासुनी के दौरान युवक खुद ही बेकाबू हो गया और शराब के नशे में क्षेत्र में हंगामा करने लगा। युवक के हंगामे से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय निवासी नदीम ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि खन्स्यु निवासी उमेश चंद्र बर्गली के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जाम: नैनीताल का यातायात बना चुनौती

**नैनीताल।** नैनीताल पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था लगातार चुनौती बनी हुई है। सोमवार को भी नगर की सड़कों पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला। मालरोड समेत प्रमुख मार्गों पर लंबी वाहनों की कतारें लगी रहीं, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। पर्यटन सीजन शुरू होते ही नगर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए दावों के बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हो पा रहा है। सुबह से ही नगर में वाहन रेंगते नजर आए, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने नगर के बाहरी क्षेत्रों में वाहनों को रोक-रोककर नैनीताल की ओर भेजा, लेकिन इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। मालरोड पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और पर्यटकों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि सोमवार को नगर से बाहर जाने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक रही, जिससे यातायात का दबाव बढ़ गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# पालिकाध्यक्ष व ईओ ने हटवाए अवैध तिरपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद नैनीताल की पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व ईओ रोी. हताश शर्मा ने टीम के साथ पंत पार्क क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान फड़ कारोबारियों की ओर से पार्क के पेड़ों और रेलिंग में अवैध रूप से रस्सियों के सहारे तिरपाल बांधी गई थी जिसे मौके पर ही हटवाया गया। कारोबारियों को आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ ही पार्क की सफाई भी करवाई गई। इसके अलावा पालिका की टीम ने माल रोड में अवैध रूप से पार्क की गई कुल 24 साइकिल भी जब्त की गई। इस दौरान कर निरीक्षक भारत प्रकाश, हिमांशु चंद्रा, दिवाकर, कपिल, विक्की ललित दीपक आदि मौजूद रहे।



# लोक भवन नैनीताल में 'एक शाम सैनिकों के नाम'

### सैनिकों और पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सोमवार को लोक भवन, नैनीताल में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ''एक शाम सैनिकों के नाम'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीरता पदक विजेताओं, सराहनीय कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों तथा अर्धसैनिक बलों के जवानों को सम्मानित करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि ''एक शाम सैनिकों के नाम'' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सैनिकों के साहस, शौर्य, बलिदान और राष्ट्रसेवा को समर्पित सामूहिक श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि



उत्तराखण्ड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी है, जहां के सैनिकों ने सदैव देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, दृढ़ संकल्प और पेशेवर क्षमता का सशक्त उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि इस सैन्य अभियान में भारतीय सेनाओं ने असाधारण साहस, समन्वय और रणनीतिक दक्षता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा में हमारे सैनिकों की भूमिका सदैव प्रेरणादायी रही है तथा उत्तराखण्ड के वीर जवानों का योगदान भी इसमें महत्वपूर्ण रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड का देश की सैन्य परंपरा में विशेष योगदान रहा है और यहां के युवाओं ने सेना, अर्धसैनिक बलों एवं रक्षा सेवाओं में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य के सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों का योगदान केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में अनुशासन, नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्रोत भी हैं। उन्होंने सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को ''भूतपूर्व'' नहीं बल्कि ''अभूतपूर्व'' बताते हुए कहा कि सैनिक जीवन व्यक्ति को केवल युद्ध भूमि का योद्धा नहीं बनाता, बल्कि उसे आजीवन अनुशासन, आत्मसंयम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत करता है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जीवन मूल्यों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है, जिससे राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल सके। राज्यपाल ने सैनिक परिवारों, विशेषकर वीर माताओं और वीर नारियों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान में उनका योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सैनिक परिवारों से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने तथा स्वयं सहायता समूहों जैसी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण श्री युगल किशोर पंत, क्वार्टर मास्टर जनरल मुख्यालय उत्तर भारत बरेली उत्तर प्रदेश ब्रिगेडियर विनोद कुमार रौतेला, डिप्टी जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया देहरादून ब्रिगेडियर आर.एस. थापा, कमांडेंट गढ़वाल राइफल रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन उत्तराखण्ड ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, कमांडेंट कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत ब्रिगेडियर विजयंत महादिक, निदेशक उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण श्री श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में वीर सैनिक, पूर्व सैनिक, उनके परिवारजन, सैन्य अधिकारीगण, एवं विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे।

### खाई में गिरकर एक चोटिल

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मुरादाबाद से नैनीताल घूमने आए एक युवक के लिए चायनापीक की सैर हादसे में बदल गई। पहाड़ी पर चढ़ाई के दौरान युवक अनियंत्रित होकर रास्ते से नीचे गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद निवासी मो. साजिद (23) अपने दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया था। सोमवार को सभी ने चायनापीक घूमने का कार्यक्रम बनाया। शाम के समय पहाड़ी पर चढ़ाई के दौरान साजिद अचानक संतुलन खो बैठा और आधे रास्ते में ही खाई की ओर गिर गया। घटना के बाद उसके दोस्तों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में तैनात डा. जीशान ने बताया कि युवक के शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी देकर अपने परिवार के साथ घर चले गए।

# बकरा ईद को लेकर मलीताल कोतवाली में हुई बैठक

### सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ी जाएगी खुले स्थानों पर नहीं दी जाएगी कुर्बानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आगामी ईद पर्व को लेकर प्रशासन, पुलिस और अमन कमेटी की बैठक में डीएसए मैदान में नमाज और स्लाटर हाउस संचालन को लेकर बैठक आयोजित कि गई। इस दौरान बैठक में स्पष्ट किया गया कि डीएसए मैदान में नमाज केवल सक्षम अधिकारी की अनुमति मिलने के बाद ही अदा की जा सकेगी। साथ ही सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी



और यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

इस दौरान एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने कहा कि कुर्बानी केवल अधिकृत स्लाटर हाउस में ही की जाएगी और खुले स्थानों पर इसकी अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि तल्लीताल स्थित स्लाटर हाउस वर्तमान में बंद है। ऐसे में उसे खोलने के लिए अमन कमेटी को न्यायालय अथवा सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में शहर से बाहर स्थित स्लाटर हाउस में ही कुर्बानी करनी होगी। बैठक में अमन कमेटी के सदस्यों ने 28 मई को ईद के दिन जल संस्थान से पर्याप्त पानी की व्यवस्था बनाए रखने की मांग भी उठाई। प्रशासन की ओर से सभी लोगों से आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान बैठक में एसडीएम नवाजिश खलिक, सीओ अंजना नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी, महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, अमरप्रीत सिंह, हारून खान, मो. फारुख समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ईद की नमाज के लिए डीएसए मैदान में मिली अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज के आयोजन के लिए डीएसए मैदान में अनुमति दे दी गई है। द नैनीताल जिमखाना एवं डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) की ओर से जारी पत्र में अंजुमन इस्लामिया, नैनीताल को 28 मई 2026 को मैदान आवंटित किए जाने की जानकारी दी गई है। डीएसए के अवैतनिक महासचिव मनोज जोशी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, अंजुमन इस्लामिया के पत्र संख्या 157/25-26 दिनांक 19 मई 2026 के संदर्भ में यह अनुमति प्रदान की गई है। पत्र में आयोजकों से निर्धारित समय एवं व्यवस्थाओं के अनुसार मैदान का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है। अनुमति मिलने पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा डीएसए महासचिव मनोज जोशी मुस्लिम समाज ने आभार व्यक्त किया है।

# नैनीताल और कैंची धाम में दोपहिया के प्रवेश पर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ईद के बाद शुरू होने वाले वीकेंड पर पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने नैनीताल और कैंची धाम में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इस दौरान बाहरी जिलों से आने वाली निजी बाइकें और टैक्सी बाइकें नैनीताल शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे अपर पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि हर साल ईद और वीकेंड के दौरान रामपुर, मुरादाबाद, ऊधम सिंह नगर समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक बाइकों पर नैनीताल पहुंचते हैं। इससे शहर में जाम की समस्या गंभीर हो जाती है। बड़े वाहनों को तो एंट्री प्वाइंट पर रोक दिया जाता है, लेकिन बाइकें लगातार शहर में प्रवेश करती रहती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। कहा कि बेतरतीब तरीके से दौड़ती बाइकें सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ाती हैं। वहीं नैनीताल और कैंची धाम में दोपहिया वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और खराब हो जाती है। एसपी ने कहा कि ईद से अगले वीकेंड तक यह प्रतिबंध सख्ती से लागू कराया जाएगा। जिले के बाहर से आने वाली बाइकें काठगोदाम और कालाढूंगी में ही रोक दी जाएंगी। वहां से पर्यटक शटल सेवा या सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से नैनीताल तथा कैंची धाम पहुंच सकेंगे।

# पुस्तकें ज्ञान के सृजन का सशक्त माध्यम: धामी

## सीएम ने किया ब्रायोफिटिक फ्लोरा ऑफ गैरसैंण, उत्तराखंड, वेस्टर्न हिमालय पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ब्रायोफिटिक फ्लोरा ऑफ गैरसैंण, उत्तराखंड, वेस्टर्न हिमालय पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान के सृजन और उसके प्रसार का सशक्त माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शोध कार्य उत्तराखंड की जैव विविधता और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पुस्तक कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की डा. नेहा कोहली, महिला कालेज हल्द्वानी के प्रोफेसर एसडी तिवारी, डा. प्राची जोशी तथा विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में गैरसैंण क्षेत्र के ब्रायोफाइटिक फ्लोरा का विस्तृत



अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। ब्रायोफाइट्स छोटे, गैर-संवहनी पौधे होते हैं, जो मुख्य रूप से नम एवं छायादार स्थानों में उगते हैं। इन्हें पादप जगत का उभयचर भी कहा जाता है, क्योंकि ये भूमि पर निवास करते हुए भी निषेचन के लिए जल पर निर्भर रहते हैं। 451 पृष्ठों की इस फ्लोरा पुस्तक में कुल 212 ब्रायोफाइट प्रजातियों का विस्तृत अध्ययन किया गया है, जिनमें 47 लिवरवर्ट, 4 हार्नवर्ट तथा 161 मास प्रजातियां शामिल हैं। पुस्तक में 23 दुर्लभ एवं स्थानिक प्रजातियों का उल्लेख किया गया है, जबकि 31 प्रजातियां एथनिक बॉटनी के रूप में उपयोग में लाई जाती हैं। पुस्तक का आमुख प्रदीप कुमार जोशी द्वारा लिखा गया है। इसका प्रकाशन अमेरिका के कैस्पर, व्योमिंग स्थित सेल पब्लिशिंग द्वारा किया गया है। विशेष बात यह है कि पुस्तक में छह ऐसी प्रजातियों का वर्णन किया गया है जो वेस्टर्न हिमालय के लिए नई हैं, जबकि एक प्रजाति पहली बार भारत में रिपोर्ट की गई है। गैरसैंण, गिरगांव, कालीमती, दिवालीखाल और भराड़ीसैंण क्षेत्रों में पाई जाने वाली इन प्रजातियों के बाह्य एवं आंतरिक लक्षणों के साथ रंगीन फोटोग्राफ भी पुस्तक में प्रकाशित किए गए हैं। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा ओम पर्वत का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्य, डा. भुवन आर्य, प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डा. अनिल कपूर, डा. शंकर कोरंगा, डा. ललित, डा. जितेंद्र एवं डा. मयंक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय-नगर पंचायत गूलरभोज, (ऊधम सिंह नगर)**
E-Mail: conpgularbhoj@gmail.com

पत्रांक: 144/2026-27 | दिनांक: 23/05/206

**सार्वजनिक नीलामी हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गूलरभोज के एम0आर0एफ0 सेंटर परिसर, पूर्व अस्थाई रेन बसेरे/पंचायत घर तथा कार्यालय नगर पंचायत गूलरभोज में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री/वस्तुओं की दिनांक-06-06-2026 दिन-शनिवार समय प्रातः 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत गूलरभोज परिसर में नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता नियत तिथि व समय एवं स्थान पर उपस्थित हो कर नीलामी बोली में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। बोलीदाताओं द्वारा किसी भी कार्यदिवस में निष्प्रयोज्य सामग्री जहां है जैसी है के आधार पर निरीक्षण किया जा सकता है। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत गूलरभोज कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**नोट:- निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी हो जाने के उपरान्त निष्प्रयोज्य सामग्री का वजन किये जाने पर उसपर होने वाले व्ययभार का वहन सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जायेगा।**

**आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:-**

01. बोलीदाता का आधार कार्ड, पैन कार्ड जी0एस0टी0 प्रमाण-पत्र की छाया प्रति।
02. जमानत धनराशि के रूप में रू0-5000.00 (पांच हजार रूपये) नगद/एफ0डी0आर0/बैक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करानी अनिवार्य होगी। जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गूलरभोज के पदनाम से बंधक हो।
03. आवेदन शूल्क रसीद की मूल प्रति।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गूलरभोज।
ऊधम सिंह नगर।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत गूलरभोज।
ऊधम सिंह नगर।

# बाबा केदार के दरबार में रीलबाजी का 'अशोभनीय' प्रदर्शन

## कंधों पर चढ़कर बनाए जा रहे वीडियो, आस्था और मर्यादाओं पर बड़ा सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध 11वें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम, जहां हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों को पार कर अपने आराध्य बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वही पवित्र धाम अब सोशल मीडिया रीलबाजी और वायरल कंटेंट की होड़ के कारण चर्चा का केंद्र बनता जा रहा है।



बाबा केदार के दरबार से सामने आई कुछ वायरल तस्वीरों और वीडियो ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं और अनुशासन पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवक मंदिर परिसर के आसपास अपने साथियों के कंधों पर चढ़कर स्टंटनुमा अंदाज में रील बनाते नजर आ रहे हैं। कोई फिल्मी स्टाइल में वीडियो शूट कर रहा है, तो कोई बाबा केदार के धाम को सोशल मीडिया कंटेंट का बैकग्राउंड बनाकर लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ में शामिल दिखाई दे रहा है।

धार्मिक आस्था और सनातन परंपराओं के प्रतीक माने जाने वाले केदारनाथ धाम में इस प्रकार की गति. विधियों ने श्रद्धालुओं में भारी नारा. जगी पैदा कर दी है। लोगों का कहना है कि बाबा केदार का धाम कोई मनो. रंजन स्थल, शूटिंग लोकेशन या सोशल मीडिया स्टूडियो नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां इस प्रकार की हरकतें धाम की गरिमा और धार्मिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर मंदिर परिसर में अनुशासन बनाए रखने और धार्मिक मर्यादाओं का पालन कराने के लिए बनाए गए नियम-कानून कहां गायब हो गए?जब यात्रा शुरू होने से पहले प्रशासन और बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से रील, डांस वीडियो, तेज संगीत और अशोभनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के दावे किए जाते हैं, तो फिर इस प्रकार की घटनाएं खुलेआम कैसे हो रही हैं?श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर परिसर में हर समय पुलिस, सुरक्षा बलों और सीसीटीवी निगरानी की बात कही जाती है, लेकिन वायरल हो रहे वीडियो यह बताने के लिए काफी हैं कि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं कितनी प्रभावी हैं। कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन की आंखों के सामने आस्था का मजाक उड़ाया जा रहा है, या फिर ऐसी गतिविधियों को अनदेखा किया जा रहा है?

इस मामले को लेकर स्थानीय तीर्थ पुरोहितों और धार्मिक संगठनों में भी भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी, हिमांशु तिवारी एवं गौरव तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बाबा केदार धाम का मजाक बनाकर रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस धाम में लोग श्रद्धा और भक्ति लेकर पहुंचते हैं, वहां कंधों पर चढ़कर रील बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में बीकेटीसी और प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। वहीं इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती ने कहा कि इस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए धाम पहुंच रहे हैं और समिति लगातार श्रद्धालुओं को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन कराने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि भीड़ के बीच कुछ लोग कंधों पर चढ़कर रील बना रहे हैं, जो उचित नहीं है। ऐसे मामलों में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गौरतलब है कि पहले ही केदारनाथ यात्रा में भारी भीड़, वीआईपी संस्कृति, ट्रैफिक जाम, महंगाई और अव्यवस्थाओं को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में अब धाम में वायरल हो रही रीलबाजी ने प्रशासन और बीकेटीसी की कार्यप्रणाली पर एक और बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की मांग है कि मंदिर परिसर में सोशल मीडिया रील और अशोभनीय गति. विधियों पर तत्काल सख्ती की जाए, निगरानी बढ़ाई जाए और धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि बाबा केदार धाम की पवित्रता और गरिमा बनी रह सके।

अब देखने वाली बात होगी कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन और बीकेटीसी कितनी तेजी और सख्ती से कदम उठाते हैं, या फिर बाबा केदार का धाम यूं ही सोशल मीडिया रील संस्कृति की अराजकता के बीच अपनी मर्यादा खोता रहेगा।

# रुद्रनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब, व्यवस्थाएं पड़ रहीं कम

**■ 18 किमी की खड़ी चढ़ाई भी नहीं रोक पा रही श्रद्धालुओं के कदम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** उच्च हिमालयी क्षेत्र में चतुर्थ केदार के रूप में विख्यात भगवान रुद्रनाथ मंदिर में इन दिनों आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बीते 18 मई को कपाट खुलने के बाद से ही तीर्थयात्रियों का ऐसा रेला उमड़ रहा है कि अब व्यवस्थाओं को संभालना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। 18 किलोमीटर की बेहद कठिन और खड़ी चढ़ाई होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। यात्रा के शुरुआती दौर में ही उमड़ी इस भारी भीड़ ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। रुद्रनाथ यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी आमद के सामने मौजूदा व्यवस्थाएं बौनी साबित हो रही हैं। वन विभाग और इको समितियों के माध्यम से लगाए गए टेंटों की संख्या सीमित होने के कारण श्रद्धालुओं को ठहरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट के बीच अब स्थानीय ग्रामीण देवदूत बनकर सामने आए हैं। गंगोलगांव, सगर और ग्वाड गांव के ग्रामीणों ने अपने स्तर पर तीर्थयात्रियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं। इन गांवों में रात्रि प्रवास के लिए तीर्थयात्रियों का भारी जमावड़ा देखा जा रहा है। सेंचुरी एरिया का बहाना बनाकर रुद्रनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो समझ से परे है। जब केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे प्रसिद्ध धाम भी सेंचुरी एरिया में होने के बावजूद सुचारू रूप से चल रहे हैं, तो रुद्रनाथ में इस तरह के कड़े प्रतिबंध क्यों ?मौजूदा भीड़ को देखकर स्थानीय लोग वर्ष 2020 के उस दौर को याद कर रहे हैं, जब कोरोना महामारी के कड़े प्रतिबंधों के बावजूद उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रशासन को चकमा देकर रुद्रनाथ की यात्रा पर निकल पड़े थे। इस बार भी यात्रा के शुरुआती हफ्ते में ही जैसी स्थिति बनी है, उससे साफ है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और तेजी से बढ़ेगी।

# गढ़वाल विवि में इसी सत्र से शुरू होगा एमएससी कंप्यूटर साइंस कोर्स

**■ विद्या परिषद की बैठक में 18 एजेंडों पर हुई चर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक में सोमवार को 18 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय में लॉन्ग डिस्टेंस शिक्षा शुरू करने, नए पाठ्यक्रमों के संचालन तथा शोध एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में विश्वविद्यालय में सात विषयों में लॉन्ग डिस्टेंस कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसके लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी परिषद के समक्ष प्रस्तुत की। परिषद ने एमबीए, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा बीकॉम ऑनर्स एवं रिसर्च विषयों में दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने को मंजूरी प्रदान की। विविप्रशासन को उम्मीद है कि यूजीसी से स्वीकृति मिलने के बाद अगले शैक्षणिक सत्र से इन पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने बताया कि इसी शैक्षणिक सत्र से 45 सीटों पर एमएससी कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम संचालित करने को भी स्वीकृति दी गई है।

# तल्लानागपुर के चौड़ और उर्खोली में भीषण वनाग्नि से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** तल्लानागपुर क्षेत्र की न्याय पंचायत चोपता अंतर्गत चौड़ एवं उर्खोली के घने जंगल इन दिनों भीषण वनाग्नि की चपेट में हैं। पिछले दो दिनों से धधक रही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे लाखों रुपये की बहुमूल्य वन सम्पदा जलकर खाक हो गई है। जंगलों से उठती आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं के गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहे हैं, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



**■ लाखों की वन सम्पदा राख, दो दिनों से जल रहे जंगल ■ ग्रामीणों ने जान जोखिम में डाल संभाला मोर्चा, वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल**

भीषण गर्मी, सूखे मौसम और तेज हवाओं ने आग को और अधिक खतरनाक बना दिया है। आग लगातार जंगलों के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेती जा रही है। चीड़, बांज, बुरांश सहित अनेक बहुमूल्य पेड़-पौधे आग की भेंट चढ़ चुके हैं, जबकि वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं पहाड़ के संवेदनशील पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही हैं।

ग्रामीणों के अनुसार आग की सूचना समय रहते वन विभाग को दे दी गई थी, लेकिन दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और संसाधनों की कमी के चलते राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी ढंग से शुरू नहीं हो पाया। उर्खोली के प्रधान आजाद खत्री ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण खुद ही जंगलों में उतरकर आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

कई स्थानों पर लोगों ने पेड़ों की टहनियों और हरे पौधों की मदद से आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के सामने ये प्रयास अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। ग्रामीण दिनेश सिंह नेगी ने बताया कि आग बुझाने के दौरान ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और तेज हवाओं के कारण आग पर नियंत्रण पाना बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने लोगों से जंगलों के आसपास पूरी सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न करने की अपील की।

वनाग्नि की इस घटना ने एक बार फिर वन सुरक्षा व्यवस्थाओं और आग से निपटने की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने सरकार एवं वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने और वनाग्नि रोकने के लिए स्थायी एवं प्रभावी रणनीति लागू करने की मांग की है।

**एक नजर .......**

## श्रीदेव सुमन जयंती पर याद किए गए त्याग और बलिदान के आदर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** श्री देव सुमन साहित्य एवं कला स्मृति मंच, उत्तरकाशी के तत्वावधान में टिहरी जनक्रांति के नायक एवं प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीदेव सुमन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। हनुमान चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीदेव सुमन के त्याग, बलिदान और आदर्शों को याद करते हुए युवा पीढ़ी से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद श्रीदेव सुमन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेम सिंह पंवार, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णुपाल सिंह रावत, स्वर्णकार व्यापारी अजीतपाल पंवार, मंच के सचिव शैलेंद्र नौटियाल तथा अध्यक्ष नागेंद्र दत्त थपलियाल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीदेव सुमन का संघर्ष और बलिदान आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित प्रताप सिंह संघर्ष, प्रताप सिंह पोखरियाल, रविंद्र नौटियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान, अजय प्रकाश बड़ोला, वीरेंद्र बत्रा, संदीप उप्पल, डॉ. शंभू प्रसाद नौटियाल, राघवेंद्र उनियाल, नरेश भट्ट, लवलेश दुबे, धनपाल को. हली, श्रीमती नीता जगूड़ी, डॉ. मुकेश नौटियाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## छात्र के जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण: डा. गौतम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार डागर में सोमवार को करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे गढ़वाल विवि के भौतिकी विज्ञान विभाग के सह-आचार्य डॉ. आलोक सागर गौतम ने छात्र-छात्राओं को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण तथा जीवन में अनुशासन के महत्व की जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को अपने करियर का चयन करते समय अपनी रुचि और क्षमता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज के समय में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए निरंतर मेहनत और सही दिशा में प्रयास जरूरी हैं।

उन्होंने छात्रों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। डॉ. गौतम ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नई तकनीकों एवं नवाचारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र गौड़, मंगत मठियाल, हर्षमणि कृथवाल, सोहन कोहली ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन पूनम नवानी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार धीमान, चंद्रशेखर उनियाल, विक्रम सिंह भंडारी, नगेंद्र सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## ईद पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अफवाहों से बचने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** ईद पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में समन्वय बैठकों का आयोजन किया गया । कोटद्वार में क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममगाई ने सीएलजी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर ईद को भाईचारे, शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की । बैठक में लोगों से साफ कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखें, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

# सीकेएस फाउंडेशन ने जीआईसी के 46 छात्रों को बांटे प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा की अलख जगा रहे सीकेएस फाउंडेशन ने एक और सराहनीय पहल करते हुए क्यूंजा घाटी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज भणज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए। सीकेएस फाउंडेशन एवं टाटा ए.आई.ए. के सहयोग से संचालित इस अभियान के तहत अब तक कुल 46 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में इस चरण के अंतर्गत आयुष, अंजलि, मोक्ष, रिया सहित 16 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पी.एल. आर्य, फाउंडेशन की ट्रस्टी पूनम शर्मा, डायरेक्टर प्रिया शर्मा, फाउंडेशन के प्रेसिडेंट चंद्र कुमार शर्मा, शिक्षक महिपाल रावत, बीना किमोठी, प्रदीप नेगी एवं दीपक सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



विद्यालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षक प्रदीप नेगी और दीपक सिंह की छात्र-छात्राओं ने जमकर सराहना की। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें बेसिक कंप्यूटर, एमएस एक्सेल सहित कई महत्वपूर्ण डिजिटल विषय बेहद सरल और व्यावहारिक तरीके से सिखाए जा रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। छात्रा अनिशा ने कहा कि उसने छह माह का नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स पूरा किया है, जो उसके भविष्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। उसने कहा कि पहाड़ के गरीब और ग्रामीण छात्रों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। वहीं छात्र मोक्ष शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षक प्रदीप और दीपक उन्हें कंप्यूटर की बारीकियां बेहद आसान तरीके से समझाते हैं, जिससे सीखना रोचक और प्रभावी बन गया है। सीकेएस फाउंडेशन के प्रेसिडेंट चंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर शिक्षा हर छात्र के लिए बेहद जरूरी हो चुकी है, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं के लिए। फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को नि:शुल्क डिजिटल शिक्षा देकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे भविष्य में रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल पहाड़ के युवाओं को नई दिशा दे रही है, बल्कि प्रधानमंत्री के "डिजिटल भारत" के सपने को भी जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान कर रही है।

# ट्रांसफार्मर पहुंचने से श्रीनगर में बिजली बहाली की उम्मीद

**■ सोमवार देर शाम तक आपूर्ति होगी सुचारू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में बीते गुरुवार से बाधित विद्युत आपूर्ति के जल्द बहाल होने की उम्मीद जगी है। विद्युत विभाग के अनुसार सोमवार देर शाम तक गोला बाजार, बिलकेदार, भक्तियाना, सुमाड़ी समेत प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह सुचारू कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि गुरुवार को 8 मेगा वाट एम्पेयर क्षमता वाले ट्रांसफार्मर का रेडियेटर फट जाने से नगर के कई हिस्सों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई थी। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच कई दिनों तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लोगों में विभाग के प्रति नारा. जगी भी देखने को मिली। रविवार को देहरादून से नया 8 मेगा वाट एम्पेयर का ट्रांसफार्मर श्रीनगर पहुंच गया, जिसके बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उसे स्थापित करने और तकनीकी जांच का कार्य शुरू कर दिया है। विभागीय टीमें युद्धस्तर पर मरम्मत एवं फिटिंग कार्य में जुटी हुई हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**■ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन श्रीनगर द्वारा सोमवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजकीय संयुक्त उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विमल गुसाईं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. गुसाईं ने वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था में स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खानपान, नियमित व्यायाम, तनावमुक्त जीवन और सकारात्मक सोच को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। साथ ही उन्होंने नमक और मीठे का कम सेवन करने, सुबह-शाम टहलने, लाफ्टर थेरेपी अपनाने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी। कहा कि छोटे-मोटे बुखार में अनावश्यक दवाइयों के सेवन से बचना चाहिए तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन को अच्छी तरह चबाकर खाना आवश्यक है। उन्होंने फिजियोथेरेपी को भी कई दर्द संबंधी समस्याओं में लाभकारी बताया। मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी विमल बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

# वनाग्नि में मृत महिला के परिजनों को मिली चार लाख की सहायता

**■ विधायक विनोद कंडारी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के पैडूला क्षेत्र में बीते बुधवार को वनाग्नि की चपेट में आकर जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को सोमवार को प्रशासन की ओर से आपदा राहत मद से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने पिपोला गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि ग्रामसभा पेंडुला के पुपोला गांव निवासी 50 वर्षीय अंजू देवी पत्नी स्वर्गीय जबर सिंह का असमय निधन पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना है। कहा कि



इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार और प्रशासन हर स्तर पर पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। इस दौरान उन्होंने मृतका के परिजनों को चार लाख रुपये की राहत राशि सौंपी। कहा कि एक मां का साया उठ जाना परिवार के लिए सबसे बड़ा दुख होता है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करें। गौरतलब है कि बीते बुधवार को अंजू देवी जंगल में लगी आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान वह अचानक आग की लपटों की चपेट में आ गईं, जिससे उनका शरीर गंभीर रूप से झुलस उनकी मृत्यु हो गई थी। सोमवार को तहसील प्रशासन द्वारा आवश्यक रिपोर्ट पूरी होने के बाद मृतका के परि. जनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. प्रदीप कंडारी सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पतितपावनी मोक्षदायिनी मां भागीरथी (गंगा) के धरा अवतरण के पावन पर्व गंगा दशहरा पर सोमवार को गंगोत्री धाम में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अलौकिक संगम देखने को मिला। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री मंदिर परिसर में सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखध्वनि और "हर-हर गंगे" के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान रहा। देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भागीरथी (गंगा) के पवित्र एवं शीतल जल में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इधर गंगा मंदिर मणिकर्णिका घाट में भी गंगा दशहरा की धूम रही। मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। साथ ही गंगा की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।



**पौराणिक महत्व**

पुराणों के अनुसार राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर आने के लिए तैयार हुईं, लेकिन उनके वेग को संभालना संभव नहीं था। तब भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर पृथ्वी पर अवतरित किया। इसके बाद गंगा का प्रवाह पृथ्वी पर हुआ और राजा भगीरथ के पूर्वजों को मोक्ष प्राप्त हुआ। यही कारण है कि गंगा को "भागीरथी" भी कहा जाता है।

इस अवसर पर राज्य मंत्री स्तर प्राप्त राज्य औषधि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप पंवार ने देश एवं प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए गंगा जी की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। चारधाम अस्पताल के प्रबंधक डॉ. केपी जोशी ने कहा कि गंगा जीवनदायिनी है और विश्व में गंगा नदी ही ऐसी धारा है, जिसे पवित्र एवं पूजनीय माना जाता है। उन्होंने गंगोत्री से गंगासागर तक गंगा की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक महत्व के साथ-साथ गंगा दशहरा लोगों को गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरारी लाल भट्ट, मंडल अध्यक्ष राजेश नौटियाल, राजेश राणा, हरी सिंह गुसाईं, राजेंद्र गंगाड़ी, पूर्व सैनिक राम सिंह राणा, माधव जोशी, राजेश रावत, गोपेश्वर भट्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उत्तरकाशी। भारतीय संस्कृति में गंगा दशहरा का पर्व विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवत. रित हुई थीं। गंगोत्री धाम में और उत्तरकाशी के गंगा तटों पर देशभर से आये श्रद्धालुओं ने स्नान, दान और पूजा-अर्चना कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया हैं।

गंगा दशहरा को पापों के नाश और मोक्ष प्रदान करने वाला पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति के दस प्रकार के पाप समाप्त हो जाते हैं। "दशहरा" शब्द का अर्थ भी "दस पापों का हरण" माना गया है। श्रद्धालु इस अवसर पर गंगा तटों पर दीपदान, हवन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

# गंगोत्री सीट से प्रताप ने ठोकी भाजपा टिकट की दावेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मणिकर्णिका घाट स्थित गंगा मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के बीच राजनीति की हलचल भी तेज होती नजर आई। राज्य मंत्री स्तर प्राप्त राज्य औषधि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप पंवार ने आगामी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान देते हुए गंगोत्री विधानसभा सीट से भाजपा टिकट की दावेदारी पेश कर दी।



**■ गंगा दशहरा पर पंवार का सियासी संदेश**

गंगा आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मीडिया से बात. चीत में प्रताप पंवार ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित एवं छोटे कार्यकर्ता हैं। यदि पार्टी नेतृत्व उन पर विश्वास जताता है और आगामी विधानसभा चुनाव में अवसर देता है, तो वह गंगोत्री क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 25 वर्षों से वह विभिन्न कर्मचारी संगठनों में सक्रिय रहकर जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करते आए हैं। संगठनात्मक अनुभव और जनता के बीच लगातार सक्रियता के कारण क्षेत्र की जनता भी उन्हें चुनाव मैदान में देखना चाहती है।

प्रताप पंवार ने कहा कि गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र विकास की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है, जहां सड़क, स्वास्थ्य, पर्यटन और पलायन जैसी चुनौतियों पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा लिब्बरहेड़ी गांव के पास गंगनहर पटरी पर हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति उछलकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरे। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। जैसे ही कार और बाइक की भिड़ंत हुई, बाइक के परखच्चे उड़ गए। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े और खाई में गिरे दंपति को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकलवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के अनुसार मृतक दंपति उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के पुरकाजी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। वे किसी काम से उत्तराखंड आए थे और वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर और मोबाइल फोन के आधार पर मृतकों की पहचान की पुष्टि की जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने गंगनहर पटरी पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की में

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उतराखंड ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यलय हरिद्वार द्वारा यूजीबी प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की, जिला हरिद्वार में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 एवं 12 के शीर्ष विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बैंक की शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं अन्य बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय प्रबंधक उमा नाथ, बैंक अधिकारी विश्वविजय द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा चौहान एवं वहा उपस्थित सभी शिक्षको ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बैंक का आभार जताया एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की इस पहल की सराहना की गई।



## आईआईटी में कार्य कर रही गैस पाइप कंपनी के ट्रेंचलेस लाइनें डालने से

# सीवर चैंबर क्षतिग्रस्त, विभाग ने किया नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी में कार्य करके गई गैस पाइप कंपनी की अंडरग्राउंड ट्रेंचलेस लाइन कार्यों के कारण खंजरपुर रोड पर हो रहे गणेशपुर जैसे गड्ढे जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है विभाग सोए हुए है एवं किसी भी समय कोई अपितु घटना का इंतजार कर रहे है परंतु ये आज तक पी डब्लू डी और नगर निगमों एवं जल संस्थान सोए हुए है बड़ा सवाल अगर दुर्घटना हुई कौन होगा जिम्मेदार किसकी होगी जवाबदेही प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है और जिला प्रशाशन द्वारा सड़क सुरक्षा समिति भी बनाई हुई है लेकिन इसकी सुध कौन लेगा ये बताने को कोई जिम्मेदार नहीं। वहीं जल संस्थान अधिकारी जुनैद गौड ने बताया गेस पाइप कंपनी को सड़क रखरखाव करने वाली कार्यदाई संस्था द्वारा एन ओ सी दी जाती है जिसके संबंध में पुन: पत्र प्रेषित किया जाएगा पूर्व में भी प्राइवेट कंपनियों की लापरवाही और चौंबर क्षतिग्रस्त करने पर तहरीर दी गई थी इसके अतिरिक्त जब से गैस पाइप कंपनी द्वारा ट्रेंचलेस लाइन डाली गई तभी से चौंबर क्षतिग्रस्त हुआ था जिसका निर्माण गैस पाइप हटने के बाद ही हो पाएगा अगर टेलीकॉम गैस पाइप कंपनी सुधार नहीं करती तो उनके विरुद्ध डिमांड नोट बनाया जाएगा और इसकी पूर्ण भरपाई गैस पाइप कंपनी कंपनी द्वारा वहन की जाएगी। साक्ष्य एवं सुलभ संदर्भ हेतु सभी फोटो कार्यवाही



के लिए विभाग के पास सुरक्षित है सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया गैस पाइप कंपनी द्वारा खंजरपुर रोड एवं जादूगर रोड जामुन रोड पर सीवर लाइन क्षतिग्रस्त करने के साथ साथ चौंबर पूर्ण क्षतिग्रस्त कर दिए गए है जिसके लिए विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं एवं डिमांड नोट बना दिया गया है पूरे प्रकरण की रिपोर्ट ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महोदय रुड़की और अधिशाषी अभियंता महोदय को भेज दी गई है इसके पश्चात अग्रिम कार्यवाही की प्रक्रिया गतिमान है गैस पाइप कंपनी के पाइप को हटाने के निर्देश दे दिए गए है

गैस पाइप कंपनी बिना बताए टेंचलेस लाइन रात्रि में करती है और रात्रि का समय होने के कारण कार्य करते समय चौंबर पेयजल लाइन सीवर लाइन और सड़क क्षतिग्रस्त कर दी जाती है गैस पाइप कंपनी को डिमांड नोट भेजा जाएगा और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी गैस पाइप कंपनी की है विभाग का लगभग 10 लाख का नुकसान कर दिया गया है जो गैस पाइप हटने के बाद सीवर चैंबर और लाइन का निर्माण कराया जाएगा (जुनैद गौड सहायक अभियंता गंगा सीवर रुड़की।)

# कैफे ले जाकर छात्रा से दुष्कर्म बताने पर धमकी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में एक पड़ोसी गांव के युवक ने कक्षा 10 की छात्रा को बात करने के बहाने एक कैफे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। साथ ही विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा के साथ मारपीट की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सहमी पीड़िता ने जब परिजनों को आपबीती बताई तो परिवार की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी लक्सर स्थित एक कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। बीते 21 मई को वह सुबह करीब 8:30 बजे हमेशा की तरह घर से स्कूल के लिए निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में पड़ोसी गांव के एक युवक ने उसे रोक लिया और जरूरी बात करने केबहाने बहला-फुसलाकर लक्सर स्थित एक कैफे में ले गया। जहां आरोपी ने किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शरीर पर चोट के निशानों से खुला खौफनाक राज वारदात के बाद आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट भी की और मुंह खोलने पर हत्या करने की धमकी देकर फरार हो गया। डरी सहमी छात्रा से परिवार वालों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर पीड़िता फूट-फूट कर रो पड़ी और अपने साथ हुई इस दरिंदगी की पूरी कहानी बयां की। तहरीर मिलने पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बकरीद को लेकर कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार नजदीक आते ही कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी अब पारंपरिक मंडियों के साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन कृषि प्लेटफॉर्म पर भी तेजी पकड़ने लगी है। पिरान कलियर, रुड़की, मंगलौर, भगवानपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में बाजारों और अस्थायी मंडियों में रौनक बढ़ गई है। 28 मई को मनाए जाने वाले पर्व के मद्देनजर ईद का चांद दिखाई देने के बाद से बकरे समेत अन्य जानवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। यूपी के गागलहेड़ी जिला सहारनपुर की मंडी में भी बड़ी संख्या में खरीदारी शुरू हो गई है। व्यापारी अजीम कुरैशी, शफीक कुरैशी, सईद कुरैशी, नफीस, मेहरबान, साजिद, कल्लू पहलवान और इकबाल ने बताया कि इस बार कुर्बानी के जानवरों की कीमत पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। बाजार में राजस्थानी और देशी नस्ल के बकरों की ज्यादा मांग है। जानवरों की कीमत उनकी सुंदरता और वजन के आधार पर तय की जा रही है। बाजार में बकरे 15 हजार से 50 हजार रुपये तक बिक रहे हैं, जबकि भैंस आदि बड़े जानवरों की कीमत 50 हजार से एक लाख रुपये तक पहुंच गई है। व्यापारियों के अनुसार शरीयत में सात लोग मिलकर एक बड़े जानवर में हिस्सा ले सकते हैं, जिससे खर्च कम हो जाता है। वहीं अब लोग सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे किसानों से संपर्क कर उचित दाम पर जानवर खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। मौलाना दानिश कासमी ने कहा कि कुर्बानी में दिखावा नहीं बल्कि इंसान की नीयत और इबादत अहम होती है। उन्होंने लोगों से अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार कुर्बानी करने की अपील की है।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने पर 03 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 112 कंट्रोल रूम के द्वारा सूचना दी गई की डबल फाटक मोहनपुरा में दो पक्षों लड़ाई झगड़ा करने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तीन युवक आपस में लड़ाई झगड़ा करते मिले। काफी समझाने के बाद भी उनके न मानने पर पुलिस ने संज्ञेय अपराध होने से रोकने के लिए तीनों का नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया। विवरण आरोपित-तरुण पुत्र मेवालाल, दीपक पुत्र मेवालाल, विक्रांत उर्फ भोलू पुत्र हरिराम निवासी गण डबल फाटक गोल भटा मोहनपुरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार शामिल है।

# पुलिस ने दो फरार वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत पुलिस ने लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय से लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी बृजेश और अनिल कुमार निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनो आरोपी काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे और गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## 50 साल से चल रहे सार्वजनिक रास्ते को

# दबंगों ने दीवार लगाकर किया बंद, आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नंबर 2 में 50 वर्षों से भी ज्यादा से चल रहे रास्ते पर दबंग के द्वारा ईंट की दीवार लगाकर बंद कर दिया गया है जिससे आमजन परेशान हैं नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 2 के ऋषिपाल वाल्मीकि ने बताया कि यह जो रास्ता दबंगो के द्वारा बंद किया गया है यह करीब 50 वर्षों से भी ज्यादा से चल रहा है इस पर नगर पालिका परिषद के द्वारा सड़क भी कई बार बनवा दी गई है जिसमें नगर पालिका परिषद सदस्य का बोर्ड भी लगा हुआ है उन्होंने कहा मेरे मोहल्ले वालों के द्वारा एसडीएम लक्सर मुख्यमंत्री पोर्टल नगर पालिका परिषद लक्सर तहसील दिवस में कई बार पत्र दिए गए हैं लेकिन हम मोहल्ले वालों के पत्र पर किसी विभाग ने भी मौके पर पहुंचना गवारा नहीं समझा उन्होंने कहा यह जो रास्ता बंद किया गया है यह नगर पालिका परिषद के रिकॉर्ड में भी चढ़ा हुआ है अब वार्ड नंबर 2 के रिशु पुत्र स्वर्गीय सुदेश व निशु पुत्र बलराम आदि लोगों ने सीमेंट से ईंटों की चिनाई कर रास्ता बंद कर दिया है जिसमें सभासद के परिजनो के सहारे पर इन लोगों ने रास्ता बंद किया है रास्ता खुलवाने के लिए अभी तक किसी भी संबंधित अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण नहीं किया है उन्होंने कहा अगर यह जो रास्ते में दीवार बनाई गई है इसको दबंग से जल्दी नहीं हटवाया गया तो हम लोग सड़कों पर आकर विरोध प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों व संबंधित विभाग की होगी पत्र देने वालों में ऋषिपाल बिजेंदर सुनीता अमरपाल अनुज रिंकू मोहन सूरज आदि सभी वार्ड नंबर के निवासी हैं मौजूद रहे।

# कार डिवाईडर से टकरायी, चालक की दर्दनाक मौत, महिला सहित तीन गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित कार डिवाईडर से टकरा गयी जिसमें कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी ओर तीन लोग गंभीर घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली का एक परिवार कार से हरिद्वार जा रहा था जब वह मंगलौर स्थित ढंडेरी बाईपास पर पहुंचे तो अनियंत्रित कार डिवाईडर से जा टकरायी जिसमें चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। कार में सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर घायल हो गये। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। सिविल लाईन पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर घायलों का अस्पताल पहुंचाया। घायलों में मृतक कार चालक का नाम उदित शर्मा निवासी राजा गार्डन कनखल बताया गया। पुलिस ने चालक के शव को पीएम के सिविल अस्पताल भिजवाया। घायलों के नाम शिवानी, संजीव शर्मा व श्रेयस निवासीगण दिल्ली बताये गये हैं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा दत्तक पुत्र युसूफ अतीक व उसकी पत्नी आरजू का आचरण ठीक न होने के कारण मैंने युसूफ अतीक व आरजू से संबंध विच्छेद कर तमाम सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके किसी भी अनैतिक कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **शाहजहां** पत्नी मुशर्रत अली नि.19 अहबाबनगर, कडच्छ ज्वालापुर, हरिद्वार।

# गर्मी बढ़ते ही ऊर्जा निगम सतर्क पीक आवर्स में बढ़ाई निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** बढ़ती गर्मी और बिजली की मांग में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए ऊर्जा निगम ने रुड़की क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष निगरानी अभियान शुरू किया है। विभाग की ओर से सभी जूनियर इंजीनियरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीक आवर्स के दौरान अपने-अपने सबस्टेशनों पर मौजूद रहें ताकि किसी भी तकनीकी खराबी या ओवरलोडिंग की स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

चीफ इंजीनियर एससी त्रिपाठी ने सप्ताहित अवकाश के दिन बिजली सकंट को दूर करने के लिए मंडल कार्यालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण बिजली की खपत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों और फीडरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। इसे देखते हुए उपखंड अधिकारियों को भी पीक आवर्स में लगातार लोड की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अधिशासी अभियंताओं को पूरे नेटवर्क पर नजर रखने और बिजली आपूर्ति सुचारु बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओवरलोडिंग से बचाव को बढ़ाई निगरानी-एसई विवेक राजपूत का कहना है कि कई क्षेत्रों में स्वीकृत लोड से अधिक बिजली उपयोग होने के कारण लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए बिजली नेटवर्क की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर फीडरों का लोड विभाजित कर आपूर्ति संतुलित रखने की योजना पर भी काम किया जा रहा है।उपभोक्ताओं को पहले से और बेहतर बिजली उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में सक्रिय है। पीक आवर्स में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजली की उपलब्धता बनाए रखने के लिए पिटकुल के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है, ताकि किसी भी स्थिति में आपूर्ति प्रभावित न हो।

# सभासद पति समेत दर्जन भर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

लंढौरा। सभासद पति तथा उसके सर्मथकों द्वारा लंढौरा बिजलीघर के कर्मचारियों के साथ की गई अभद्रता

मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने आखिरकार पांच दिन बाद अवर अभियंता की तहरीर पर सभासद पति समेत करीब दर्जनभर लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लंढौरा बिजली घर के अवर अभियंता विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मई की रात उपसंस्थान पर कार्यरत लाइनमैन सलीम व सुरक्षा गार्ड अनिल चौधरी के साथ लंढौरा के वार्ड नंबर 1 निवासी अनिल भगत, सन्नी, रफीश और 10 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई और सुरक्षा गार्ड की बन्दूक छीनकर गार्ड का गला दबाते हुए उसकी वर्दी फाड डाली। आरोप है कि बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने वाले लोगों ने बिजलीघर में खडीः कर्मचारियों की मोटरसाईकिल को तोड़ने के बाद बिजली कर्मचारियों को भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर वहा से चले गये। आरोप यह भी है कि बिजली कर्मचारीयों से मारपीट के कारण उनमें भय और रोष का माहौल है। जिस कारण वह कार्य करने में असमर्थता जता रहे हैं। इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर ने बताया कि लंढौरा बिजलीघर के अवर अभियंता की तहरीर पर अनिल भगत, सन्नी, रफीश के खिलाफ मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## उत्तराखंड राज्य हास्य समिति की बोर्ड बैठक संपन्न

# हज हाउस के विकास कार्यों व व्यवस्थाओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति की पहली बोर्ड बैठक रविवार को हज हाउस में समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हज 2026 पर चर्चा एवं सुझाव पर विचार विमर्श किया गया। हज हाउस के विकास कार्यों और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

हज हाउस में आयोजित बैठक का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी मो आरिफ ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के स्वागत के साथ किया। इस दौरान 7 सितंबर 2024 की पिछली बोर्ड बैठक की पुष्टि भी की गई। बैठक में हज हाउस की छत पर 30 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम लगाने पूर्व में कराए गए अनुरक्षण कार्यों को पूरा कराने तथा हज हाउस की व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाने के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा हज हाउस में



लगी एलईडी टीवी को स्मार्ट कराने, वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने, लिफ्ट एवं फायर सिस्टम को सुचारु रूप से चालू कराने और भवन की छत पर बड़ा लाइट बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया।बोर्ड बैठक में शासनादेश के अनुपालन में हज हाउस की कक्षाओं एवं

**❖30 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने व हज हाउस को आधुनिक बनाने का प्रस्ताव पास**

डोरमेट्री को एक जून 2026 से गढ़वाल मंडल विकास निगम की निर्धारित दरों पर किराये पर संचालित करने तथा आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय एवं साज-सज्जा कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। साथ ही राजधानी देहरादून में उत्तराखंड राज्य हज समिति का कैंप कार्यालय खोलने पर भी सहमति बनी।हज हाउस की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खाली हॉल में बैंक तथा बाहर एटीएम स्थापित कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट के सापेक्ष किए गए व्ययों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद, सदस्य एवं विधायक मो शाहजाद, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, इस्लामुद्दीन, मन्नान रजा, समीर जाफरी, फईम खान, अबरार हुसैन, तरन्नुम खान, रिजवाना परवीन, अधिशासी अधिकारी मो आरिफ, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ,अब्दुल कादिर ,इजहार, शाहिद , सहित समिति के कर्मचारी मौजूद रहें।

# महमूदपुर में क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान महमूदपुर में क्रिकेट की गेंद लगने को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर माहौल खराब होने की आशंका पैदा हो गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और कार्रवाई करते हुए आरोपी अरसलान निवासी महमूदपुर का शांतिभंग में चालान कर दिया।

**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**इस्लाम अंसारी**
**संवाददाता मो. नं.** 9368942735, 9759860322
**विनित भैया**
**संवाददाता मो. नं.** 9837277814

# अब क्वाड पर नजर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्वभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाक. बंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रूपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थाई समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# ईद-उल-अज़हा बलिदान की पुरानी परंपरा



शाहवेज़ खान



जो लोग कहते हैं इस्लाम 1400 साल पहले ही आया है उनके लिए इस्लाम धर्म के दूसरे सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-अजहा,को जानना भी जरूरी है इस त्योहार को बकरीद भी कहते हैं इस्लाम धर्म मे कुर्बानी की यह परम्परा करीब 4000 साल से ज्यादा पुरानी हैं और यह इस्लाम धर्म के नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इम्तिहान ,त्याग और अल्लाह यानी ईश्वर से अटूट विश्वास से जुड़ी है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अल्लाह के हुक्म के आगे सर झुकाने, त्याग और बलिदान का वह हिस्सा है जो दुनिया मे कही और देखने को नही मिलता। और इब्रा. हिम अलैहिस्सलाम के दौर से ही इस्लाम धर्म में कुर्बानी कि यह परंपरा 10 जिल हिजजा यानी ईद उल अजहा के समय में शुरू हुई ,हालांकि कुर्बानी की परंपरा दुनिया में इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन उसका एक मुकर्रर वक्त नहीं था।

### इतिहास : हजरत इब्राहीम का इम्तिहान

कुरान-ए-पाक की सूरह अस-साफ्फात में इसका जिक्र है। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बुढ़ापे में बड़ी मन्नतों के बाद बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम हुए थे। जब इस्माईल थोड़े बड़े हुए, तो इब्राहीम को ख्वाब में हुक्म हुआ कि अपने सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करे जिसे नबी इब्राहिम ने अपने बेटे के रूप में देखा। इसके बाद उन्होंने यह किस्सा अपनी बीवी को बताया जिस पर वह भी अल्लाह की राह में उन्हें कुर्बान करने के लिए राजी हो गई वही जब बेटे स्माइल को कुर्बान करने का वक्त आया तो इब्राहिम में अपना सारा वाकया बेटे को बताया इसके बाद वह भी खुद को कुर्बान करने के लिए राजी हो गए। लेकिन जब उन्हें कुर्बान किया जा रहा तो कई करिश्मा हुए इसके बाद वहां पर एक मेढे की कुर्बानी हुई। इसी वाकए की याद में हर साल जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को दुनिया भर के मुसलमान कुर्बानी करते हैं और यह वाकया करीब 2000 ईसा पूर्व का माना जाता है। यानी यह परंपरा 4 हजार साल से भी पुरानी है।

### हज और कुर्बानी का रिश्ता

ईद-उल-अजहा हज के साथ जुड़ी है। हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल ने ही एक बार काबा की तामीर की थी। हज के दौरान मीना में जो शैतान को कंकर मारने की रस्म है, वो भी इसी किस्से से जुड़ी है। कहते हैं कि जब इब्राहीम बेटे को कुर्बान करने ले जा रहे थे, तो शैतान ने तीन बार बहकाने की कोशिश की। हर बार इब्राहीम ने कंकर मारकर उसे भगाया। 9 जिलहिज्जा को अरफात का दिन होता है, जब हाजी मैदान-ए-अरफात में दुआ करते हैं। 10 जिलहिज्जा को मीना में कुर्बानी देकर हाजी और पूरी दुनिया के मुसलमान ईद मनाते हैं।

### कुर्बानी का मकसद क्या है

कुरान कहता है- अल्लाह को न उनके गोश्त पहुंचते हैं न खून, बल्कि उसे तुम्हारा तकवा पहुंचता है यानी असल मकसद दिखावा नहीं, नीयत और अल्लाह से बेपनाह प्यार का रिश्ता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं- एक गरीबों के लिए, एक रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए, और एक अपने घर के लिए। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे का पैगाम जाता है।

### हजरत इब्राहीम से पहले

कुर्बानी का कॉन्सेप्ट नबी इब्राहीम से भी पुराना है। हजरत आदम के दो बेटे हाबिल और काबिल ने भी कुर्बानी पेश की थी। लेकिन ईद-उल-अजहा के रूप में, तारीख तय करके, हर साल मनाने का रिवाज हजरत इब्राहीम की सुन्नत से शुरू हुआ। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना आने के बाद इसे उम्मत के लिए जारी रखा।

### आज के दौर में ईद-उल-अज़हा

दुनिया के लगभग 200 करोड़ मुसलमान इस दिन नमाज पढ़ते हैं, कुर्बानी करते हैं और जरूरतमंदों को याद रखते हैं।

त्योहार का पैगाम साफ हैरू अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान कर देना, और अपनी कमाई में गरीबों का हक निकालना। और यह सब सिर्फ मजहबी नहीं है। यह भरोसे, सब्र, और बाप-बेटे की इताअत की मिसाल है की 4000 साल बाद भी यह त्योहार हमें यही सिखाता है कि असली कामयाबी अल्लाह की रजा में है त्याग में है और बलिदान में छुपी है।

## श्रीमुख से...

### अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा



उप्र में असहनीय महा विद्युत आपदा की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का कागजी कवच बना रहे हैं, यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई जन हित का पत्र नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए आवेदन पत्र है, हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं, इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं, कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस अफसर को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**


**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**


# बढ़ती गर्मी भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी



योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेता. वनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव ढ्लूऋ से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुता. बिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधि. कतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1।66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थाई विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

# भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना : प्रगति का नया अध्याय





ओ.पी. पाल

भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी, तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन, इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विक. सित देशों के समकक्ष खड़े होकर हाई-स्पीड रेल युग का नेतृत्व करना चाहता है।

इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम देश की पहली बुलेट ट्रेन कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी शिंकानसेन तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है।

**स्टेशन, रूट और रफ्तार का गणित**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ए स्टेशन किसी आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा।

**समुद्र के नीचे सुरंग से भूकंप अलार्म तक**

यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।



श्रीनगर। 'ईद-उल-अज़हा' के त्योहार की खरीदारी को लेकर जाम में फंसे वाहन।

## उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा बदलावः दीपक बागला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने सोमवार को यहां आयोजित एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

## अफ्रीका दिवस पर महाद्वीप की एकजुटता, विकास का संकल्प दोहराया

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने 'अफ्रीका दिवस 2026' के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक मंच पर अफ्रीका के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए महाद्वीप की एकजुटता, विकास और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों की वकालत करने का अपना संकल्प दोहराया है। अफ्रीकी संघ की स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूसुफ ने कहा कि आज अफ्रीका 'अफ्रीकी संघ' की स्थापना के 63 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो एकता, स्वतंत्रता, गरिमा और विकास के हमारे सामूहिक प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता है।

# भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले में दूर रहेः चीन

## बीजिंग ने कहा यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल हमे हरगिज मंजूर नहीं

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में

■ चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई
■ भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए



शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर पोस्ट कर दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा बयान किया। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है। पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कालेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

# ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्ष ने नाराजगी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था। अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं। ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजरायल में चिंता बढ़ गई है। एक इजरायली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी, आसिम मुनीर, रजब तैयब एर्दोआन, अब्देल फतह अल-सिसी, अब्दुल्ला द्वितीय और हामद बिन ईसा अल खलीफा समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। इसलिए अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों। यानी कि इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करें। उन्होंने जिन देशों का नाम लिया उनमें सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जार्डन शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम अकार्ड्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के पास शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं लेकिन ज्यादातर देशों को इस समझौते के लिए तैयार होना चाहिए।



■ ट्रम्प बोलेः मुस्लिम देश इजरायल से रिश्ते सुधारें, ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों

### संभावित समझौते में इजरायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहींः बघाई

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं।

### ट्रम्प की 'ईरानी नीति' ने अमेरिका को गतिरोध में धकेलाः मोहसिन रजाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व सैन्य कमांडर मोहसिन रजाई ने कहा है कि हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों और ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के छेड़े गए युद्ध' के बाद क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों ने अमेरिका को पूरी तरह गतिरोध की स्थिति में पहुंचा दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी मुसल्ला में रविवार को अमेरिका-इजरायल युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य बल, जो संभवतः अल्पकालिक युद्ध के भ्रम के साथ क्षेत्र में आए थे, अब वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने खोर्रमशहर की मुक्ति और इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष की वर्षगांठ पिछले 12 महीनों में अमेरिकी और जायोनी दुश्मनों के खिलाफ ईरानी राष्ट्र द्वारा किए गए दो और धार्मिक-राष्ट्रीय रक्षा अभियान प्रतिरोधों के साथ संयोगवश आई है। रजाई ने अमेरिकी और इजरायल के शासन के खिलाफ सड़कों से लेकर युद्धक्षेत्र तक ईरानी जनता और सेना की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि विचार, आस्था और प्रेरणा में परिवर्तन के कारण ईरान को अपने दुश्मनों पर विजय मिली है।

## संयुक्त राष्ट्र अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता हैः गुटेरेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। 'अफ्रीकी संघ' की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि आज और हर दिन, संयुक्त राष्ट्र उन सभी अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है जो एक ऐसे शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जिसके हकदार न केवल सभी अफ्रीकी नागरिक हैं, बल्कि हमारी पूरी दुनिया है।

गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के लोगों ने गुलामी और उपनिवेशवाद के विनाशकारी परिणामों का सामना करते हुए आपदा को एकता और संकल्प में बदला है। आज यही साझा संकल्प महाद्वीप में मुक्त व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के विस्तार, नवाचार (इनावेशन) को बढ़ावा देने और स्थाई शांति की नींव रखने के उद्देश्यों को गति दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस वर्ष के विषय (थीम) 'जल और स्वच्छता' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ये सेवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानवीय गरिमा और आर्थिक अवसरों की आधारशिला हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण महाद्वीप में लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को अभी भी इन आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को फंड जुटाने, कर्ज राहत तंत्र तक पहुंच बनाने और सौर व पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया।



■ गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की

## कांगो में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या 900 के पार

**संयुक्त राष्ट्र।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है।

इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किए गए 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है।

■ डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

## इमरान पर बनाया जा रहा राजनीति छोड़ने का दबावः उजमा खानम

### समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही हैः उजमा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उजमा खान ने दावा किया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर राजनीति छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है।

खानम ने द टाइम्स को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि वह छह महीने पहले अपने भाई से मिली थीं। उस समय उन्हें एकांत कारावास में चार माह का समय गुजर गया था। द टाइम्स की रिपोर्ट में खानम के हवाले से कहा गया कि पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली, तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था और वह बेहद परेशान थे। वह बताते कि किसी को उनसे बात करने की अनुमति नहीं है, यहां तक कि पहरेदारों को भी नहीं। वह बार-बार कहते रहे कि एकांत कारावास से बदतर कुछ नहीं हो सकता। अब इसे लगभग सात महीने हो चुके हैं। वह बताती हैं कि खान ने आखिरी मुलाकात में उनसे कहा था कि उन्हें 'तोड़ने' की कोशिश की जा रही है, लेकिन 'वे सफल नहीं होंगे।' बहन उजमा ने आशंका जताई कि उनके भाई की आंखों की रोशनी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी दाहिनी आंख से पानी निकल रहा था। मैंने पूछा कि क्या हुआ, लेकिन वह दूसरी बातों को लेकर इतने विचलित थे कि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। फरवरी में जब उनके वकील ने उनसे मुलाकात की तो आंख से लगातार पानी बह रहा था और इमरान ने कहा कि उन्हें उससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। फिर अप्रैल में उन्होंने बताया कि एक सरकारी डॉक्टर ने कहा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है और 85 प्रतिशत स्थाई दृष्टि हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजाना दो घंटे के व्यायाम के अलावा किताबें पढ़ना ही 73 वर्षीय खान को मानसिक रूप से संभाले हुए था। बहनों को जब उनसे मिलने की अनुमति मिलती थी, तब वे हर सप्ताह करीब एक दर्जन किताबें लेकर जाती थीं, लेकिन बाद में यह बंद कर दिया गया।

अदालत जाने के बाद भी केवल पांच किताबों की अनुमति मिली, जिनमें से दो अस्वीकार कर दी गईं। खानम ने कहा कि वे उन्हें तोड़कर समझौता करवाना चाहते हैं और शायद आंख का मामला भी उसी का हिस्सा है। किताबें ही उनके जीवित रहने का सहारा थीं और अब अगर वह पढ़ भी नहीं सकते और किसी से बात भी नहीं कर सकते-उजमा के अलावा अलीमा खानम, और नौरीन नियाजी भी दो बहनें हैं जो इमरान के साथ मानवीय व्यवहार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

■ पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था



## अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह गाना 'घिस-घिस' में मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



## इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी सैयामी खेर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर, विक्रम फडणीस की इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडणीस की आगामी अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा फिल्म से अपना दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म की कहानी इंसानी रिश्तों और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार, जज्बात और रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। जारी किए गए फर्स्ट लुक में सैयामी एक फैशन फोटोग्राफर के किरदार में नजर आ रही हैं। तस्वीर में वह एक प्रोफेशनल कैमरा हाथ में लिए नेचुरल आउटडोर लोकेशन पर दिखाई दे रही हैं। उनका सिपल और रियलिस्टिक लुक फिल्म के भावनात्मक और जमीन से जुड़े टोन को खूबसूरती से दर्शाता है। इस किरदार के लिए सैयामी ने अपनी रियल लाइफ दोस्त और भारत की मशहूर फैशन फोटोग्राफर तरस तारापोरवाला से प्रेरणा ली है। फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म विक्रम फडणीस के लिए भी बेहद खास है, क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म होगी जो रिलीज होने जा रही है।

## तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को एक नए होल्डिंग सेंटर में भेजा गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन बंगलादेशी नागरिकों को सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला में बनाए गए नए 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया जिन आरोप है कि ये बिना किसी वैध दस्तावेज के देश में घुसपैठ कर रहे थे। राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिंग सेंटर' में भेजा गया है।

इन घुसपैठियों को नबन्ना (राज्य सचिवालय) की ओर से पश्चिम बंगाल में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालने के सख्त निर्देश जारी करने के बाद भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन तीनों संदिग्ध घुसपैठियों को मुर्शिदाबाद जिले के रानीताला पुलिस थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत में रहने की अनुमति देने वाला कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है। परंपरागत रूप से ऐसे घुसपैठियों को गिरफ्तारी के बाद सीधे जेल भेज दिया जाता था।राज्य सचिवालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के बाद, प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, इन तीनों व्यक्तियों को जेल में रखने के बजाय लालगोला में तैयार किए गए विशेष होल्डिंग सेंटर में भेज दिया गया। हाल ही में, राज्य के गृह विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक सख्त निर्देश जारी किया था। इस निर्देश में कहा गया था कि बंगलादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आने वाले लोगों (जिनमें 'विदेशी अधिनियम' के तहत दर्ज रोहिंग्या भी शामिल हैं) को अब आम कैदियों के साथ सामान्य जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए।

■ राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया
■ हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है

